


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 21 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-114 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए समिति का गठन

**रायपुर, 21 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पंचायत सचिव संघ के शासकीयकरण की मांग पर घोषणा किया था कि इसके कियान्वयन के लिए समिति का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग एवं इसके कियान्वयन के विचार हेतु समिति का गठन किया गया है। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजेश सिंह राणा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संचालक, पंचायत संचालनालय प्रियंका ऋषि महोबिया को सदस्य सचिव तथा वित्त नियंत्रक, विकास आयुक्त कार्यालय मो.यूनूस को सदस्य बनाया गया है। यह समिति 30 दिनों के भीतर अपना प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेगी।

### राइस मिल से 100 क्विंटल धान एवं 1493 क्विंटल चावल जब्त

**रायपुर,21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश के प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा राईस मिलरों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य विभाग के अधिकारियों की टीम कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में उदासीनता बरतने वाले मिलर्स के यहां औचक रूप से दबिश देकर जांच पड़ताल और जब्ती की कार्रवाई कर रही है। इसी सिलसिले में बीते दिनों ओम साई राईस मिल अतरिया की जांच पड़ताल के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह पाया कि बीते तीन महीने ओम साई राईस मिल अतरिया के संचालक श्री मिथलेश सिन्हा द्वारा कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप अधिकारियों की टीम ने ओम साई राईस मिल से धान 100 क्विंटल एवं चावल 1493 क्विंटल जब्त कर संचालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

### सभी को अपने नाम पर गर्व होना चाहिएः रामदेव

**नई दिल्ली,21 जुलाई।** उत्तर प्रदेश सरकार के हाल ही में लिए गए एक फैसले की देशभर में चर्चा हो रही है। दरअसल, योगी सरकार ने कांवर यात्रा के मार्ग पर लगने वाली सभी दुकानों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। सरकार के इस फैसले का उनकी खुद की सहयोगी पार्टियों और विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। अब इस नेमप्लेट विवाद पर योग गुरु बाबा रामदेव का बयान भी आ गया है। उन्होंने योगी सरकार के आदेश की निंदा करने वालों पर कटाक्ष किया है।

बाबा रामदेव ने कहा, 'अगर रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को अपनी पहचान बताने में क्या दिक्कत होनी चाहिए हर किसी को अपने नाम पर गर्व होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'नाम छिपाने की जरूरत नहीं है, सिर्फ काम में शुद्धता की जरूरत है। अगर हमारा काम शुद्ध है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम हिंदू हैं, मुस्लिम हैं या किसी और समुदाय से हैं।'

### बाइक पत्थर से टकराई, दो की मौत

**अंबिकापुर,21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर-रायगढ़ मुख्यमार्ग पर शनिवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर के पत्थरों से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय दोनों की मौत हो गई। वहीं, नेशनल हाइवे-343 पर परसा के पास दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक, बाइक में सवार दो युवक सीतापुर से अंबिकापुर की ओर आ रहे थे। काराबेल पुल के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पत्थरों से टकराते हुए उछल गई।




## केदारनाथ में पहाड़ से पत्थर गिरने से 3 श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून,21 जुलाई।** उत्तराखंड के केदारनाथ में बड़ा हादसा हो गया. जहां गौरीकुंड के पास पहाड़ों से लैंड स्लाइड हुई और बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगे. इसकी चपेट में आने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई श्रद्धालु मलबे में दब गए. बताया जा रहा है कि पहाड़ी से मलबा और बड़े-बड़े पत्थर गिरे हैं, जिसके कारण कई तीर्थयात्री मलबे में फंस गए हैं. वहीं हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मलबे से अब तक तीन शव निकाले जा चुके हैं. जबकि आठ अन्य घायल हैं. घायलों में गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बताए जा रहे हैं.

मृतकों की पहचान किशोर अरुण पराटे (21) महाराष्ट्र, अनुराग बिष्ट, तिलवाड़ा और सुनील महादेव (24) महाराष्ट्र के रूप में हुई है. वहीं घायलों में चेला भाई चौधरी (23) गुजरात, जगदीश पुरोहित (25) गुजरात, अभिषेक चौहान (18) महाराष्ट्र, धनेश्वर दांडे (27) महाराष्ट और हरदाना भाई पटेल, गुजरात शामिल हैं. इस हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा, 'केदारनाथ यात्रा मार्ग के पास पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है. घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है, इस सम्बन्ध में निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं.

## शिवधाम तुलसी में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

### 22 से सावन, उमड़ेगी शिवभक्तों की भीड़

रायपुर, 21 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

शिवधाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) ग्राम तुलसी (पाटन) सहित राजधानी व पूरे प्रदेश में गुरु पूर्णिमा गुरुओं की पूजा व उन्हें यादकर मनाई गई। शिवधाम में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम हुए। यहां पूज्य गुरुदेव अघोरेश्वर राम मंदिर में प्रतिमा के रूप में स्थापित हैं। यहां सुबह ध्वजापूजन व ध्वजारोहण के बाद गुरु पादुका पूजन किया। तत्पश्चात मध्यान्ह 12 बजे आरती की गई। शिवधाम परिसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया गया। मध्यान्ह प्रसाद का वितरण किया गया। गुरु पूर्णिमा पर शिवधाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया था। उपस्थित लोगों को अपने गुरुओं को यादकर गुरुदेव अघोरेश्वर राम, शिवलिंग व मां काली अघोरेश्वरी के दर्शन किए। शिवधाम में पारा निर्मित शिवलिंग भी स्थापित है। 22 जुलाई से सावन माह का श्रीगणेश हो जाएगा। सावन माह शिवजी को अत्यंत प्रिय है। शिवधाम में पूरे सावन माह उत्सव का माहौल रहता है। शिवभक्त यहां शिवलिंग का अभिषेक व अनुष्ठान करने पहुंचते हैं। राजधानी में आज कई स्थानों पर



गुरु पूर्णिमा मनाई गई। शीतला मंदिर पुरानी बस्ती में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कल 22 जुलाई से शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज होगी।

## 12 घंटे की ड्यूटी, 2 घंटे का ओवरटाइम

### आईटी कंपनियों ने सरकार से की कानून में संशोधन की मांग

**बेंगलुरु,21 जुलाई।** आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ाकर 14 घंटे करने की मांग करते हुए कर्नाटक की सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा है। इस कदम का कर्मचारियों ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और छंटनी की चिंताओं का हवाला देते हुए इसे अमानवीय बताया है। सूत्रों के हवाले से कहा, राज्य सरकार कर्नाटक दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1961 में संशोधन करने पर विचार कर रही है। आईटी कंपनियां चाहती हैं कि उनके प्रस्ताव को संशोधन में शामिल किया जाए .अगर आईटी कंपनियों की बात सरकार मान लेती है तो कानूनी तौर पर काम के घंटे 14 घंटे (12 घंटे + 2 घंटे ओवरटाइम) हो जाएंगे। वर्तमान में श्रम कानून 12 घंटे (10 घंटे + 2 घंटे ओवरटाइम) तक काम करने की अनुमति देते हैं। आईटी क्षेत्र के नए प्रस्ताव में कहा गया है, आईटी/आईटीईएस/बीपीओ क्षेत्र के कर्मचारियों को हर दिन 12 घंटे से अधिक और लगातार तीन महीनों में 125 घंटे से अधिक काम करने की आवश्यकता हो सकती है या अनुमति दी जा सकती है सूत्रों ने बताया कि सरकार ने इस



मामले पर एक प्रारंभिक बैठक की है और जल्द ही आगे के निर्णय लिए जाएंगे। प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल द्वारा चर्चा किए जाने की संभावना है।

कम करने का समय बढ़ाने के कदम का कर्नाटक राज्य आईटी/आईटीईएस कर्मचारी संघ (केआईटीयू) की ओर से कड़ा विरोध किया गया है। संघ ने एक बयान जारी कर चेतावनी दी है कि काम की शिफ्टों की संख्या कम होने से एक तिहाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। इस संशोधन से कंपनियों को मौजूदा तीन शिफ्ट प्रणाली के बजाय दो शिफ्ट प्रणाली अपनाने की अनुमति मिलेगी। एक तिहाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। कर्मचारी संघ ने कहा, केसीसीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आईटी क्षेत्र में 45% कर्मचारी अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों का सामना कर रहे हैं। 55% शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावों का सामना कर रहे हैं। काम के घंटे बढ़ाने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।

## नाले में कार के डूबने से सरकारी डॉक्टर की मौत

**बाइक और कार की टक्कर में दो युवकों की गई जान**

बालोद/ कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. हादसे में एक डॉक्टर और दो युवकों की मौत हुई है. पहली घटना बालोद जिले से है. जहां कार अनियंत्रित होकर नाले में डूब गई. हादसे में कार चला रहे सरकारी डॉक्टर की मौत हो गई. दूसरी घटना कोंडागांव जिले की है. फरसगांव बड़े डोंगर मार्ग पर तेज रफ्तार कार और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

बालोद जिले के गुरुर थाना क्षेत्र के भूलन्डबरी गांव में कार अनियंत्रित होकर नाले में जा डूबी. हादसे में कार चला रहे सरकारी गाड़ी से समय रहते नहीं निकल पाए



और उनकी डूबने से मौत हो गई. मृतक डॉक्टर का नाम थानेश साहू बताया जा रहा है. डॉक्टर ग्रामीण चिकित्सा सहायक के पद पर कटेकल्याण गांव में पदस्थ था. मामले में पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है और जांच में जुट गई है. कोंडागांव जिले में फरसगांव बड़े डोंगर मार्ग पर पतोड़ा गांव के पास कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए फरसगांव चीरघर भेजवाया. साथ ही आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार पलटी

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजिम,21 जुलाई। राजिम क्षेत्र में तेज रफ्तार कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सभी लोग सुरक्षित है, उन्हें मामूली चोट लगी है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर से 6 युवक जमतई-घटारानी घूमने आए थे। घूमने के बाद देर शाम को वापस लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम सरकड़ा के पास



कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और कार हवा में उछलकर सड़क किनारे पलट गई। घटना पाण्डुका थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम - गरियाबंद मार्ग में ग्राम सरकड़ा के पास तेज रफ्तार कार हवा में पलटते हुए सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार में सवार पहुंचे कि सामने से बाइक आ गई। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार चालक अपना नियंत्रण खो दिया। वहीं लोगों की माने तो कार चालक नशे में धुत था। कार की रफ्तार अधिक होने के कारण कार हवा में उछलकर दो बार पलटी मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई।

## साय सरकार स्पष्ट करे,उसने राजस्थान को उत्खनन की अनुमति दी है या नहीं : बैज

रायपुर,21 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हसदेव अरण्य में खनन की अनुमति देने के बाद अनुमति से इंकार कर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा सरकार के अनुमति से इंकार के झूठ का पर्दाफाश राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खनन अनुमति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद से हो जाता है जो उन्होंने सोशल मीडिया में दिया है। भाजपा विपक्ष में हसदेव अरण्य में खनन और जंगलों की कटाई के खिलाफ आंदोलन करती थी। कांग्रेस की सरकार ने हसदेव अरण्य में खनन अनुमति को निरस्त किया था। विधानसभा में हसदेव अरण्य खनन रोकने प्रस्ताव भी पास किया था। केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अरण्य क्षेत्र में खदान आबंटन को रद्द करने की मांग किया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में हो रहे खनन और जंगल कटाई को लेकर राज्य सरकार अपनी स्थिति को स्पष्ट करें। वह खनन के पक्ष में है कि विरोध में है पूरा प्रदेश और आदिवासी समाज हसदेव अरण्य को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। भाजपा सरकार की संरक्षण में जंगलों की बेधड़क कटाई हो रही है। कटाई का विरोध कर है आदिवासियों को भाजपा की सरकार ने जेल में बंद किया था उन पर कानूनी कार्यवाही किया था। भाजपा की सरकार आदिवासियों की भावनाओं को चोट पहुंचा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्तावित प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था। इस दौरान मोदी सरकार के कोयला मंत्री ने रायपुर आकर यह भी कहा कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है वहां पेसा कानून के प्रावधान लागू नहीं होते किसी के आपत्ति या सहमति से कोल खनन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा साय सरकार के संरक्षण में अडानी की कंपनी हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई कर रहा है। हसदेव को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुलिस गिरफ्तार कर जेल में बंद कर रही है, उन्हें डराया जा रहा है, धमकाया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात है राज्य का मुखिया आदिवासी होने के बावजूद भी आदिवासियों की मांग को सुना नहीं जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार तत्काल हसदेव अरण्य में जंगलों की

## मंगल ग्रह पर मिल गया 'पीला खजाना' एलियन को लेकर भी खुलेंगे राज

**वॉशिंगटन,21 जुलाई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर बड़ी खोज की है। रोवर को लाल ग्रह पर पीले रंग के शुद्ध सल्फर के क्रिस्टल मिले है। वैज्ञानिक इस खोज से इसलिए भी हैरान हैं क्योंकि बिना पानी के इन क्रिस्टल का बनना बेहद मुश्किल है। एक चट्टान के खुले हुए हिस्से के बीच में सल्फर के पीले क्रिस्टल पाए गए हैं। क्यूरियोसिटी के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट अश्विन वासवाडा ने कहा, इस खोज के बारे में पहले से किसी को अंदाजा नहीं था। मुझे लगता है कि यह इस मिशन की सबसे बड़ी खोज है। 30 मई को वासवादा और उकी टीम ने रोवर द्वारा भेजी गई तस्वीरें देखीं। इसमें दिखाई पड़ रहा था कि पहिए के रास्ते में एक चट्टान बिखर गई। इसके बाद जब जूम करके देखा गया तो वैज्ञानिक भी हैरान रह गए। उन्होंने देखा की पीले रंग के क्रिस्टल बिखरे पड़े थे। जब जांच में पता चला कि यह शुद्ध सल्फर है तो वैज्ञानिक और भी हैरान रह गए। वासवादा के मुतबिक सल्फर की चट्टान आम तौर पर सुंदर, चमकीली और क्रिस्टलीन होती है।



वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह पर सल्फेट का होना आम बात है लेकिन पहली बार है जब सल्फर शुद्ध रूप में मिला है। वहीं गेडिज वालिस चैनल में सल्फर का मिलान और भी हैरान करने वाला है। हो सकता है कि उस इलाके में चट्टानें सल्फर से भरी हों। पृथ्वी पर

### बांग्लादेशः कोटा पर खूनी भिड़ंत,अब तक 133 मौतें

**ढाका,21 जुलाई।** बांग्लादेश की शीर्ष अदालत आज उस विवादास्पद कोटा सिस्टम पर अपना फैसला सुना सकती है, जिसने विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा देशव्यापी आंदोलन को जन्म दिया है. सुप्रीम कोर्ट इस बात पर फैसला सुनाने वाला है कि सिविल सर्विस जॉब कोटा को खत्म किया जाए या नहीं. उससे पहले पूरे देश में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है. सरकार ने दंगाइयों को 'देखते ही गोली मारने' के आदेश दिए हैं. विश्वविद्यालय परिसरों से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया है. प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों की तुलना उन लोगों से करके तनाव को और बढ़ा दिया, जिन्होंने 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था. हसीना के आवास पर 14 जुलाई को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, जब प्रधानमंत्री से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछा गया।

### ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल : पेरिस-2024 निशानेबाजी में है उम्मीद

jasclaudius@gmail.com

## धैर्य और आत्मविश्वास से साधे गए निशाने से मिलेगी सफलता

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक ग्रीष्मकालीन खेलों का आयोजन पेरिस में होने जा रहा है। इसमें भारत के 117 एथलीट 16 खेलों में अपनी क्षमता का परिचय देंगे। इस बार निशानेबाजी के 15 इवेंट में मुकाबले होंगे। इसमें पुरुष तथा महिला में 6-6 इवेंट क्रमशः 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर रेपीड फायर, 10 मीटर एयर रायफल, 50 मी. रायफल थ्री पोजिशन, स्कीट तथा ट्रेप शामिल है। उपरोक्त 12 इवेंट में से भारत की महिला व पुरुष निशानेबाज सभी में लक्ष्य पर निशाना साधेंगे इसके साथ ही भारतीय एथलीट मिश्रित इवेंट के 10 मीटर एयर पिस्टल टीम, 10 मीटर एयर रायफल टीम तथा स्कीट टीम इवेंट याने तीनों इवेंट में भाग ही नहीं ले रही है। हम कह सकते हैं कि निशानेबाजी में 15 इवेंट में दांव पर लगने वाले 15 स्वर्ण, 15 रजत तथा 15 कांस्य में से 12 स्वर्ण, 12 रजत तथा 12 कांस्य अर्थात कुल 45 में से 36 पदक के लिए लक्ष्य पर निशाना दागेंगे। पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा ने योग्यता प्राप्त किया है। इन दोनों की विश्व निशानेबाजी संघ द्वारा 10 जून 2024 को जारी वरीयता सूची में क्रमशः 14 और 21 है। परंतु भारत के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व में पांचवी वरीयता प्राप्त वरुण तोमर इस ओलंपिक खेलों के लिए योग्यता हासिल नहीं कर सके। 10 मीटर एयर रायफल के लिए अर्जुन बबूता (14), संदीप सिंह (16) का नाम है। भारत को इस इवेंट में भी झटका लगा है जबकि विश्व में पांचवी वरीयता प्राप्त दिव्यांश सिंह पनवार इस ओलंपिक खेल में भाग लेने के लिए अयोग्य हुए हैं। 50 मीटर एयर थ्री पोजिशन के लिए पुरुष वर्ग से एश्वर्य प्रताप तोमर (23) स्वपनिल कुसाले (62) चयनित हुए हैं इस इवेंट में भी 12वीं वरीयता प्रापत अखिल शिवराव योग्यता प्राप्त नहीं कर सके। पुरुष वर्ग के 25 मीटर रेपीड फायर पिस्टल में 17वीं तथा 39वीं वरीयता प्राप्त विजयवीर सिंधु तथा अनीष भानवाला भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कीट इवेंट में अनंतजीत सिंह नारुका जिन्हें विश्व में 10वीं वरीयता मिली हुई है। उनका चयन हुआ है। जबकि ट्रेप इवेंट में विश्व के क्रमशः 16वीं, 17वीं वरीयता प्राप्त मेंडीलता मोवनीश, लक्ष्य योग्यता हासिल करने से चूक गए जबकि 54वीं वरीयता प्राप्त पृथ्वीराज का चयन हुआ है। महिला वर्ग में निशानेबाजी के 5 इवेंट में से भारत की निशानेबाजों ने ट्रेप को छोड़कर 5 इवेंट में भाग लेने का अधिकार पाया है। महिला वर्ग से 11 महिला खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य पर निशाना साधेंगी। 10 मीटर एयर पिस्टल में (03) विश्व वरीयता प्राप्त रीदम सांगवान तथा 26वीं वरीयता प्राप्त मनु भाखर शूटिंग रेंज में उतरेंगी। 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ईशासिंह (35) और मनु भाखर 67 भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। निशानेबाजी की इस टीम में जो पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से से उतरेगी उनमें से सिर्फ मनु भाखर ही एक मात्र ऐसी निशानेबाज है जिन्होंने दो इवेंट के लिए योग्यता हासिल की है। हालांकि मनु भाग्यशाली रही क्योंकि 10मीटर एयर रायफल के इस इवेंट में उनसे उपर विश्व में वरीयता प्राप्त क्रमशः तीसरी व आठरवी क्रम की मेंसी तथा मेहुली घोष योग्यता प्राप्त करने से चूक गई। 10 मीटर एयर रायफल महिला इवेंट में 19वीं, 20वीं वरीयता प्राप्त क्रमशः रमीता व इलावेनील वालारीवान शूटिंग रेंज में उतरेंगी। इस इवेंट में आश्चर्यजनक ढंग के 17वीं वरीयता पाई हुई सीदम सांगनाव पेरिस ओलंपिक में भाग लेने से चूक गई। सिफ्टकौर सामरा 18, अजुम भौदगिल 29, 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन में भारत की ओर से राना पेश करेंगी। लेकिन इसी इवेंट में विश्व में 12वीं वरीयता मिली अखिल शिवराव योग्यता हासिल नहीं कर सकी। ट्रेप इवेंट में राजेश्वरी कुमारी 27, श्रेयांसी सिंह 45, निशाना लगाएंगी। जबकि 26वीं वरीयता प्राप्त योग्यता चक्र में 36वें क्रम की मनीजा वीर चूक गई। स्कीट इवेंट में रैजा ढिल्लन 21, माहेश्वरी चौहान 30 लक्ष्य पर निशाना लगायेगी जबकि विश्व में 9वीं वरीयता प्राप्त जेनमत सेखो योग्यता हासिल नहीं कर सकी। इस प्रकार भारत को निशानेबाजों से बहुत उम्मीद है।

भारत के निशानेबाजों ने अब तक व्यक्तिगत खेलों में चार पदक जीते हैं जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांस्य पदक शामिल है। 2024 एथेंस ओलंपिक में भारत के कर्नल राज्यद्वर्धन सिंह राठौर ने पुरुष डबल ट्रेप में रजत पदक, 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। 2012 लंदर ओलंपिक खेलों के विजय कुमार ने 25 मीटर रेपीड फायर पिस्टल इवेंट में कांस्य जबकि गगन नारंग ने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट में एक कांस्य पदक हासिल किया है।

# विधायक ने दिवंगत पूर्व पार्षद की पत्नी सहित 3 लोगों को दिया नौकरी का नियुक्ति पत्र



भिलाई, 21 जुलाई। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज द्वितीय शनिवार प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से पारिवारिक समस्या और जरूरतों को शेयर किया। इस दौरान अनेक ऐसे जमीनी कार्यकर्ता भी आए जो पिछले ढाई दशक से भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित रहे हैं। सेन ने सभी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और आवश्यकता अनुसार उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान की पहल भी की। इस दौरान पुरुषोत्तम देवांगन, रूपराम साहू, विजय सिंह, विजय जायसवाल, कन्हैयालाल सोनी, चन्ना केशवलू, मुन्ना आर्य, राजेंद्र सिंह, विजय शुक्ला, दिनेश चुरहे सहित जिला, मंडल के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे। भाजपा गांधी नगर के कार्यकर्ता विजय राय ने दुर्गा मैदान के पीछे दीक्षित कालोनी में सड़क सीमेंटीकरण, वार्ड 16 शंकर पारा सुपेला के गजेंद्र विश्वकर्मा ने गुमटी और चांद देव ने कोसा नगर में पीएम आवास के लिए आवेदन सौंपा। विधायक सेन ने दिवंगत पूर्व पार्षद मनोज यादव की धर्मपत्नी, पूर्व पार्षद कंवल सिंह साहू की पोती मुस्कान और युवक कमलजीत यादव को तत्काल नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा। सेन ने बताया कि संगठन में अनेक कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ताओं से समय अभाव के कारण मुलाकात नहीं हो पाती थी, इस बीच पार्टी के समर्पित हम सभी लोग एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं और ऐसे में उनका दुख दर्द बांटना भी हम सभी का फर्ज है क्योंकि ये सभी कार्यकर्ता जनहित के लिए लगातार काम करते रहे हैं, सभी की निजी, आर्थिक सहित अनेक समस्याएं होती हैं। जब ये सेवाभाव से जनता की समस्याओं के निराकरण के हेतु मुखर रहते हैं तो इनकी और परिवार की देखरेख भी हमारा ही कर्तव्य है इसलिए पिछले दिनों प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में आए सुझाव के अनुरूप मैंने सप्ताह में शनिवार का दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को समय देने का निर्णय लिया। आज दूसरे सप्ताह कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुना और उन्हें दूर करने मैंने पहल की है। इस सप्ताह भी पिछले शनिवार की तरह 3 लोगों की तत्काल नौकरी की व्यवस्था कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया है।



## भगवान शिव के दर्शन करने बंछोर पहुंचे बागेश्वर धाम सीहोर उज्जैन

**जामुल।** जामुल के सुख समृद्धि के लिए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, शिव वर्मा पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू ओमप्रकाश मेहरा साहू जगदीश देवांगन, श्रीलाल चक्रधारी, राम विश्वास चक्रधारी सभी साथियों के साथ बागेश्वर धाम सिहोर उज्जैन भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे।

## एक नजर

### दशरंगपुर पुलिस ने अपहृता नाबालिग बालिका को बरामद कर उसके पिता के सुपुर्द किया



**कवर्धा, 21 जुलाई।** चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया में एक नाबालिग पीडिता उम्र 16 वर्ष 02 माह को अज्ञात आरोपी दिनांक 30.03.2024 के रात्रि 12ः00 बजे करीबन बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की पीडिता के पिता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 135/2024 धारा 363 भा.द.वि. का अपराध दिनांक 08.04.2024 को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जो प्रकरण महिला संबंधी अपराध एवं नाबालिग पीडिता का होने से प्रकरण गंभीर अपराध का हो जाने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला-कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.) के द्वारा पीडिता एवं आरोपी का हर संभव पतातलाश करने निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास कुमार(भा.पु.से.) एवं पुष्पेन्द्र बघेल (रा.पु.से.) व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय प्रतीक चतुर्वेदी (रा.पु.से.) कबीरधाम के मार्गदर्शन पर 16 वर्ष 02 माह की पीडिता को जिला अहमदनगर महाराष्ट्र से बरामद किया गया जिससे पूछताछ करने पर बताई कि घटना दिनांक को आरोपी सोहन निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी इंदौरी थाना पिपरिया जिला कबीरधाम छ ग के द्वारा शादी करने का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाना बताई। प्रकरण में धारा 366, 376(2)ठ् भादवि, 6 पास्को एक्ट जोडी गई तथा आरोपी सोहन निषाद को दिनांक 20.07.2024 को गिरफ्तार कर आज दिनांक 20.07.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी दशरंगपुर उपनिरीक्षक अरविन्द साहू, उपनिरीक्षक गुरविंदर संधू, सउनि संदीप चौबे, प्र.आर. संजय गुप्ता, आरक्षक मनोज लहरे, महिला आरक्षक रोहणी साहू का विशेष योगदान रहा है।

### सर्पदंश से युवक की मौत



**भिलाई, 21 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के वार्ड आठ निवासी एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई खाना खाने के बाद अपने परिवार के साथ घर पर सोया था इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया सांप के डसने से उसकी चीख निकल गई, जिसे सुनकर पत्नी और बच्चों की नींद खुली उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई जामुल पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड आठ जामुल निवासी तुलाराम सिन्हा (33) की सर्पदंश से मौत हो गई वह रात को अपने परिवार के साथ खाना खाकर सोया था वह पलंग पर सोया था और उसकी पत्नी भुवनेश्वरी सिन्हा दोनों बेटों रेवेंद्र सिन्हा और देवेंद्र सिन्हा के साथ नीचे सोई हुई थी देर रात करीब एक बजे तुलाराम के चीखने की आवाज सुनकर पत्नी और बच्चों की नींद खुली। उसकी पत्नी ने देखा तो पलंग से एक सांप कोने की तरफ भागा तुलाराम के पैर पर सर्प दंश का निशानदिखा उसकी पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से रात में ही उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। उसे श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां सुबह छह बजे तुलाराम की मौत हो गई वहीं दीवान में छिपे सांप को पकड़ने सर्प मित्र अजय चौधरी को सूचना दी गई अजय ने तुलाराम के घर पर पहुंचकर दीवान में छिपे चार फीट लंबे करैत सांप को बाहर निकाला।

### निवेश के नाम पर युवक से लाखों की ठगी

**भिलाई, 21 जुलाई।** भिलाई शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर एक युवक से 14 लाख 80 हजार 885 का धोखाधड़ी का मामला सामने आया है रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8 सड़क क्रमांक 35 क्वार्टर निवासी सैफ अहमद (32वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि साल भर पहले हुडको निवासी मुकेश चौधरी घर में इलेक्ट्रीशियन के काम से आना-जाना करता था। 15 अगस्त 2022 को फरेस्ट ट्रेडिंग में पैसे निवेश करने की बात बता कर लाभ होने का झांसा दिया। लालच में आकर 100 प्रतिशत लाभ दिलाने का झांसा मुकेश ने दिया। पीड़ित ने मुकेश चौधरी की झांसे में आकर अपना ट्रेडिंग का खाता खोल दिया। जिसका रेफरल लिंक मुकेश ने 23 अगस्त 2022 को व्हाट्सएप में भेजा। अपना खाता खोलकर रकम 1 लाख 22 हजार रुपए करीब उक्त खाते में ट्रांसफर किया। मुकेश चौधरी ने खाते से पैसे निकालने पीड़ित से कहा एनएलवीएक्स कंपनी पर 2 लाख 2 हजार, 3 लाख 32 हजार 464 रुपए कुल 5 लाख 34 हजार 602 रुपए को मुकेश चौधरी ने लाभ का झांसा देकर निवेश कराया। इसके बाद कोई कंपनी का मैनेजर निशांत भट्ट का नाम बताया जो मुंबई कार्यालय में बैठने का झांसा दिया। उससे पीड़ित का बातचीत कराया उसके बाद मार्केट डाउन का बहाना बताया गया मुकेश चौधरी ने निशांत भट्ट की बातों का समर्थन करने लगा। इसके बाद 11 अक्टूबर 2022 को डूबे हुए पैसे को वापस निकालने के लिए 8 लाख 24 हजार 208 उधारी मांग कर मुकेश चौधरी एवं निशांत के कहने पर निवेश किया निशांत भट्ट, मुकेश चौधरी ने अन्य टैक्स नाम का एप्लीकेशन डाउनलोड करने पीड़ित से कहा गया।

# बैठक में साइबर ठगी के मामलों की विवेचना गंभीरता से करने के दिए निर्देश



भिलाई दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने एसीसीयू के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली उन्होंने साइबर ठगी के मामलों में गंभीरता से विवेचना व कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही आरोपितों का लोकेशन निकालकर उसके आधार पर गिरफ्तारी के लिए टीम भेजने के भी निर्देश दिए आईजी कार्यालय के सभागार में बैठक में दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे एसीसीयू एएसपी ( क्राइम ) ऋचा मिश्रा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपराधों पर की गई कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया। आइजी गर्ग ने साइबर फ्राड के मामलों में गंभीरता से निगरानी और सुपरविजन करने के निर्देश दिए साइबर संबंधी प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से जेसीसीटी (ज्वाइंट साइबर क्राइम ट्रेनिंग) आयोजित करने पर जोर दिया बैठक में जिले के अनसुलझे प्रकरणों को गहन अध्ययन कर निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए आइजी ने अधिकारियों से इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया उन्होंने चेन स्नेचिंग के मामलों के रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए कहा कि चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक है कि पुलिस नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि हमारा उद्देश्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण रखना व साइबर फ्राड के मामलों को गंभीरता से लेना है इसके लिए सभी अधिकारियों को एकजुट होकर काम करना होगा बैठक में डीएसपी शिल्पा साहू, एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर नेताम सहित एसीसीयू के अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे ।

## नगर पालिका कर्मचारियों ने 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी बांधकर किया काम



**कवर्धा, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक दिनांक 06.07.2024 को बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों कर्मचारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश स्तर पर अपना आंदोलन चरण बद्ध शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है ताकि कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आकर्षण कराया जा सके। दिनांक 18 एवं 19 जुलाई को संपूर्ण छत्तीसगढ़ के साथ-साथ नगर पालिका परिषद कवर्धा के कर्मचारियों द्वारा दो दिवस काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी तरह दिनांक 22 जुलाई को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल एवं दिनांक 29 जुलाई को अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।

## वार्ड क्रमांक-16 में जल सुरक्षा दिवस मनाया




**जामुल, 21 जुलाई।** कलेक्टर दुर्ग के निर्देशानुसार भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 में जल संरक्षण हेतु नारी शक्ति से जल शक्ति थीम अंतर्गत कार्य करने हेतु नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रांतर्गत दिनांक 20/07/2024 को जल मड़ई कार्यक्रम के अंतर्गत जल सुरक्षा दिवस का आयोजन शिवपुरी मंगल भवन वार्ड क्र. 16 में किया गया। साथ ही वार्ड क्र. 18 सुरडुंग मोड में वृक्षारोपण किया गया। जल मड़ई कार्यक्रम में शासन द्वारा अधिकृत अधिकारी व वॉटर हीरो एवं जल पहरी सम्मान से सम्मानित श्री नीरज वानखेडे द्वारा जल संरक्षण के संबंध में प्रेक्टिकल कर जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में पार्षदगण खम्मन सिंह ठाकुर, रेखराम बंछोर, दीपक गुप्ता, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा व नागरिकगण ओमप्रकाश साहू, मेघनाथ साहू व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें एवं नगर पालिका परिषद जामुल के अधिकारी व समस्त कर्मचारी एवं स्व सहायता समुह की महिलाए उपस्थित थे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा

**दुर्ग,21 जुलाई।** राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण विभाग टीम ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चंडी मंदिर चौक से लेकर मान होटल तक अतिक्रमण हटाओं अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कार्रवाही के मौके पर दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।

सड़क किनारे रखें ठेले को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।उन्होंने ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें। अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान कर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

हथठेले व सड़क घेरकर पसरा लगाकर सब्जी बेचने वालों को चेतावनी दी कि अगर वह सड़क पर दिखाई देंगे तो कार्रवाई क जाएगी।जेसीबी से चंडी मंदिर रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया।

**पौधारोपण**



## भाजपा कार्यकर्ता ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**जामुल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम जामुल भाजपा कार्यकर्ता ओमप्रकाश साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर के मार्गदर्शन में 11 पौधे मुक्तिधाम में रोपण किए गए। इस कार्यक्रम में महिला समूह की माता बहने, वार्ड 3 और 1 के आंगनबाड़ी के माँ बहने ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकर्ताओं को बंछोर ने वृक्षारोपण का महत्व व माँ धरती के लिए वृक्ष के आवश्यकता के सम्बंध में प्रकाश डाला। इस बीच बर्थडे बॉय ओमप्रकाश साहू, मंडल महामन्त्री प्रशांत बंटी गुप्ता, पार्षद साहिबा करीम खान, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, जूनियर ओमप्रकाश साहू, शिव वर्मा, प्रह्लाद जंघेल, श्रीमती फूलकुमारी, श्रीमती कुलेश्वरी भार्गव, श्रीमती दीप्ति देवांगन सहित दर्जनों महिला व पर्यावरण मित्र उपस्तिथ थे।

# अवैध कब्जाधारियों, बैनर-पोस्टर हटाने के साथ डेंगू के खिलाफ अभियान जारी



भिलाई, 21 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा, अवैध कब्जाधारियों से आवासों को खाली कराने, अवैध बैनर पोस्टर हटाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ भिलाईवासियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बीएसपी द्वारा डेंगू के विरूद्ध निरंतर सघन अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। 20 जुलाई को भी माननीय संपदा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना, भिलाई नगर, पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में 45 अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया, जिसमें 14 डिक्री आवास शामिल है। संपदा न्यायालय के आदेश पर अब तक 299 डिक्री आवास रिक्त कराया गया है तथा 556 आवास से अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया है। इन बीएसपी आवासों को अवैध रूप से कब्जा कर दलालों द्वारा किराया वसूली भी किया जा रहा था। इन आवासों में विद्युत-जल आपूर्ति को बंद कर, दरवाजे खिड़कियों को निकाल दिया गया है। साथ ही सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन (आंशिक रूप से ध्वस्त) करना शुरू कर दिया गया है। अवैध कब्जेधारी, भू माफियाओं और दलालों के विरुद्ध बीएसपी प्रबंधन द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। बीएसपी आवासों में अवैध रूप से रहने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी आदेश जारी कर कार्यवाही की जाएगी। प्रबंधन द्वारा अवैध बैनर पोस्टर को हटाने के लिए भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, सेंट्रल एवेन्यू में मुर्गा चौक से लेकर सेक्टर-09 चौक तक सारे अवैध बैनर पोस्टर निकाले जा रहे हैं। इसके तहत 400 अवैध बैनर पोस्टर को हटाया गया। इस मामले में बीएसपी प्रबंधन किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करेगी ना ही किसी को कोई छूट दी जायेगी। पुलिस बल के उपस्थिति में बीएसपी टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में प्रबंधन द्वारा अवैध कब्ज़ा के साथ-साथ अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स को भी हटाया जा रहा है। 19 जुलाई को भिलाई नगर पालिक निगम की सहायता से टाउनशिप में सस्पेक्टेड डेंगू प्रभावित घरों तथा आसपास के क्षेत्रों में फॉगिंग करवाया गया। इस सर्वे के साथ जल एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई एवं वहाँ दवाइयों का छिड़काव कर और टेमीफॉस दवा का वितरण भी किया जा रहा है।

## बीएसपी ने फॉरेस्ट एवेन्यू को किया एकांगी मार्ग घोषित

**भिलाई, 21 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कार्मिकों की उपस्थिति फेस रिकग्निशन बायोमेट्रिक सिस्टम से दर्ज करना शुरू किया है। इस फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम में समय पर अटेंडेंस लगा सके इसके लिए संयंत्र प्रबंधन ने आवागमन को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को रोकने की दृष्टि से फॉरेस्ट एवेन्यू के यातायात को एकांगी बनाने का निर्णय लिया है। 22 जुलाई सोमवार से यह व्यवस्था प्रभावशील रहेगी। सामान्य पाली के दौरान समय पर कार्यस्थल पर पहुंचने और अटेंडेंस लगाने की हड़बड़ी रहती है और इस आपाधापी में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। संयंत्र प्रबंधन ने सभी की सुविधा और समय पर सुरक्षित रूप से अटेंडेंस लगा सकें इसके लिए पुलिस प्रशासन से चर्चा कर आवागमन को सुगम बनाने के लिए जेपी सीमेंट चैक से बोरिया गेट होते हुए इस्पात भवन तक के मार्ग को एकांगी घोषित किया है। प्रातः 8.30 से 9.15 बजे तक यह मार्ग एकांगी मार्ग रहेगा। 9.15 बजे के बाद यह मार्ग दोनों ओर से यातायात के लिए खुला रहेगा। फेस रिकग्निशन बायोमेट्रिक सिस्टम की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। यह देखा गया कि सही समय पर कार्य की जगह पर पहुंचने के लिए लोग हड़बड़ी भी कर रहे है जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए बी एस पी प्रबंधन कार्मिकों की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध कर रहा है। इस सिस्टम के तहत महीने के सभी दिनों में 5 मिनट विलंब और 9 दिन 15 मिनट विलंब से अटेंडेंस लगा सकने को मान्यता दी गयी है।

## सेल ने आईआईटी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर



**भिलाई, 21 जुलाई।** इस्पात मंत्रालय के मार्गदर्शन में सेल ने आईआईटी कानपुर के साथ अनुसंधान एवं विकास और परामर्श अध्ययन में सहयोग को बढ़ावा देने, शैक्षणिक सामग्री और प्रकाशनों का आदान-प्रदान करने, संयुक्त अनुसंधान करने, संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने आदि के लिए 19 जुलाई को एमओयू समझौता ज्ञापन साइन किया। इस समझौता ज्ञापन पर भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, आईआईटी कानपुर के निदेशक मनिंद्र अग्रवाल, सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया। सेल और आईआईटी, कानपुर की ओर से आरडीसीआईएस, सेल के कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर और आईआईटी कानपुर के उप निदेशक और डीन (आरएंडडी) प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। सेल और आईआईटी कानपुर की टीम इस महत्वपूर्ण अवसर पर मौजूद थी।

# बीएसपी में पांचवें लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन एलजीआई का आयोजन



**भिलाई, 21 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 19 जुलाई को एचआरडी केंद्र के मुख्य सभागार में एक विशेष कार्यक्रम पांचवे लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय समेत विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एवं विभाग प्रमुख प्रवीन राय भल्ला उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में कुल 87 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ प्रबंधक अजय टल्लू द्वारा सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान, मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय ने सुरक्षा के प्रति ठेका श्रमिकों के दृष्टिकोण को प्रभावित करने में बीएसपी कर्मचारियों की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विभागों को अपने कर्मचारी साथियों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा संगठन के प्रत्येक स्तर पर ÷सुरक्षा प्रथम÷ की मानसिकता अपनाने का सुझाव दिया। विशेष अतिथि प्रवीन राय भल्ला ने अपने उद्बोधन में भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा ढांचे के विषय में समूह को संबोधित किया । महाप्रबंधक जे. तुलसीदासन तथा सहायक प्रबंधक अभिषेक सिंह द्वारा टूलबॉक्स टॉक, नियर मिस की घटनाएं, परमिट टू वर्क तथा परिस्थिति प्रबंधन आदि के विषय पर सविस्तार चर्चा की गई।

# नगरवासियों के सपनों के अनुरूप राजनांदगांव शहर का होगा विकास: रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में शहर के विकास के लिए 13 करोड़ 81 लाख रूपए के लागत के 96 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की जागरूकता पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में 7 माह के भीतर विकास का एक अद्भूत वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों की शुरूआत हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने जो वादे किए थे, उन सभी वादों को 7 माह से कम समय में पूरा किया गया है। सरकार ने 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना, 45 सौ से बढ़ाकर 55 सौ रूपए तेन्दूपत्ता खरीदी सहित कई घोषणाओं को पूरा करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव ने उनका परिचय विधायक के नाते कराया है और पहचान बनाने वाला राजनांदगांव है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में छोटे-बड़े कई विकास मूलक कार्य करने में सफल रहे। मेडिकल कॉलेज की स्थापना, सड़कों का निर्माण कार्य, फ्लाई ओवर, दिग्विजय स्टेडियम, शिवनाथ व्यपवर्तन में नहर का कार्य, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, केन्द्रीय विद्यालय, पेण्ड्री में आवासहीन परिवारों के लिए आवास, सूखा मुआवजा राशि और पेयजल के लिए कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने शहर के विकास का सपना देखा था, उस सपने के अनुरूप इस शहर को बनाने का काम किया जा रहा हैं। सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी ने पूरे देश के भीतर विकास की नई दिशा तय की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य के साथ-साथ राजनांदगांव शहर के भीतर भी वैसा ही विकास दिखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम राजनांदगांव द्वारा जो भी प्रस्ताव लेकर पार्षदगण राज्य शासन के पास जाएंगे, उसे स्वीकृत कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन की शुरूआत पार्षद से हुई है और मैं आज भी अपने आप को पार्षद समझता हूं। पार्षद विकास की मूल कल्पना को साकार करते हैं, उसे अपने वार्डों में क्रियान्वित करने की सबसे ज्यादा जवाबदारी होती है।

उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव ने राजनांदगांव शहर के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के अवसर पर सभी नगरवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव प्रदेश की संस्कारधानी है और इसका विकास नाम के अनुरूप होना चाहिए, जिसका अनुसरण प्रदेश में हो और शहर के विकास को देखकर अन्य शहर भी प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि केवल भवन बनाने से शहर का विकास संभव नहीं है। शहर के विकास के लिए भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। श्री साव ने कहा कि संस्कारधानी के समग्र विकास के लिए योजना बनाकर कार्य करें, जिसके लिए शासन द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव स्वच्छ, सुंदर, सर्व सुविधापूर्ण, सुव्यवस्थित शहर बनाने तथा भू-जल के गिरते स्तर और पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए वाटर हावेस्टींग सिस्टम को अपनाने की आवश्यकता है। स्वच्छता एवं सुंदरता के मामले में राजनांदगांव शहर प्रदेश के अग्रणी शहरों में शामिल हो, इसके लिए नगरवासी संकल्प लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक एवं कचरे के उचित प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रसासों में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरों के विकास के लिए 1500 करोड़ रूपए की राशि जारी की जा चुकी है। राजनांदगांव शहर के विकास के लिए आगामी जो भी योजनाओं के प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा उसे स्वीकृत किया जाएगा।

कार्यक्रम को सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, श्री खूबचंद पारख, श्री सचिन बघेल, श्री भरत वर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, श्री रमेश पटेल, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, श्री हरिनारायण धकेता, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री राजेन्द्र गोलछा, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पार्षदगण, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध शराब के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव 21 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 18.07.2024 एवं 19.07.2024 को दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण एवं 34(1) के 01 प्रकरण, थाना सोमानी पुलिस द्वारा 34 (1) के 01 प्रकरण, ओपी सुकूल दैहान पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण,ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण, तथा थाना छुरिया पुलिस द्वारा 36(च) का 04 प्रकरण, ओपी चीखली पुलिस द्वारा 36(च) का 02 प्रकरण इस प्रकार दो दिनों में आबकारी एक्ट के कुल 16 प्रकरणों में 17 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 21 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरु पूर्णिमा मनाने की परम्परा रही है। इस दिन गुरुओं के अमूल्य ज्ञान और मार्गदर्शन के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया जाता है। गुरु जीवन में अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान की रोशनी लेकर आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं द्वारा दी गई अमूल्य शिक्षा को जीवन में आत्मसात कर हमें आगे बढ़ना चाहिए।

### अपर कलेक्टर ने गणेशोत्सव समितियों एवं डीजे संचालकों की बैठक ली

**राजनांदगांव 21 जुलाई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्री गणेशोत्सव समितियों एवं डीजे संचालकों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर ने उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने पर डीजे सिस्टम सहित वाहन को जप्त किया जाएगा। साथ ही वाहन चालक का ड्राइविंग लाईसेंस भी निरस्त करने की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के तीव्र आवाज से बच्चों, बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। बैठक में श्री सेवा समिति, आशीर्वाद मंडल, तिरंगा मंडल, त्रिशंख मंडल, गौरी-गणेश उत्सव समिति, नवरत्न मंडल, अष्टविनायक मंडल एवं अन्य श्री गणेशोत्सव समिति के सदस्य तथा डीजे वर्ल्ड, यादव डीजे, शुभम डीजे, अजय साऊण्ड, वैष्णव साऊण्ड, डीजे तरूण, श्री शिवम् धुमाल, श्री सांई कृपा, डीजे आरवीएस, पावर जोन डीजे सहित अन्य डीजे संचालक उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव ने कलेक्टरों और संभागायुक्तों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक

**रायपुर, 21 जुलाई।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टरों और संभागयुक्तों की बैठक ली। बैठक में सड़क सुरक्षा, ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, अभियोजन और राजसात की प्रगति, जेलों में अतिरिक्त बैरक्स, सॉलिड एवं लिक्विड बेस्ट मैनेजमैंट, पी एम किसान सम्मान निधि , वनाधिकार पट्टों का डिजीटाईजेशन एवं अभिलेख दुरूस्ती, जल-जीवन मिशन, राजस्व अभिलेखों, मादक पदार्थों की रोकथाम और मौसमी बीमारियों से निपटने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जिलेवार विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव श्री जैन ने जिला सड़क सुरक्षा समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने और सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशुपालन, लोक निर्माण, परिवहन तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को समन्वय से कार्य के निर्देश दिए हैं। कलेक्टरों को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु डी.जे. वाहनों पर कानूनी प्रावधानों के तहत सक्त कार्यवाही कर अभियोजन एवं राजसात करने के लिए कहा गया है। मुख्य सचिव ने नक्सल प्रभावित जिलों के नक्सल पीड़ित परिवार और आत्म समर्पित नक्सलियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को मादक पदार्थों की रोकथाम तथा नशा करने वालों को नशामुक्ति अभियान से जोड़ने कहा है। उन्होंने इस संबंध प्रतिमाह जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक लेने और प्रभावी कार्यवाही करने को कहा है। बैठक में वनाधिकार पत्रकों के डिजीटाईजेशन एवं अभिलेखों की दुरूस्तीकरण की जिलेवार समीक्षा की गई। व्यक्तिगत और सामुदायिक वनाधिकार पत्रकों के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने विशेष कार्यवाही करने कहा गया है। एफआरए पट्टों के नामांतरण एवं फौत दर्ज कर नियमानुसार अभिलेख दूरूस्ती की कारगर व्यवस्था करने आदिम जाति विकास, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने कहा गया है। इसी तरह से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार और भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेखों में दुरूस्ती कर संबंधित हितग्राहियों को संशोधित अभिलेख की प्रति प्रदान करने राजस्व अधिकारियों से कहा गया है। राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी विशेष अभियान चलाने कहा गया है। मुख्य सचिव ने उच्चतम न्यायालय के पारित आदेश के परिपेक्ष्य में केन्द्रीय और जिला जेलों के ओव्हर क्रॉउडिंग के निराकरण के लिए अतिरिक्त बैरक और जेल निर्माण कार्यों के लिए गृह एवं जेल, लोक निर्माण और वित्त विभाग के अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# सीईओ जिला पंचायत ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 जुलाई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने विभाग द्वारा संचालित महात्मा गाँधी-नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं जल शक्ति अभियान, बीज वितरण, फसल चक्र परिवर्तन सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत राजनांदगांव से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने पुराने रेनवाटर हार्वेस्टिंग के जीर्णोद्धार की प्रगति की समीक्षा की। जिन गांवों में मोहल्ले से तालाब तक पानी निकासी का साधन उपलब्ध है, वहां वाटर ट्रीटमेंट प्लान की कार्य योजना बनाने हेतु दिये गए निर्देशों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लान के लिए जहां पर्याप्त जगह हो ऐसे स्थानों का चयन करने के निर्देश दिए। पौधरोपण कार्य की समीक्षा करते हुए, प्रत्येक जनपद में दो-दो नर्सरी निर्माण की प्लानिंग करने कहा। नर्सरी निर्माण हेतु चारागाह एवं जहां फेसिंग की सुविधा हो ऐसे स्थानों का चयन कर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने नवीन अमृत सरोवर में पौधरोपण कार्य की समीक्षा की और पौधरोपण हेतु जनपद पंचायत स्तर पर सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं बोरवेल रिचार्ज हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नोडल अधिकारी नियुक्त करने निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग को आवारा पशुओं से मुक्त करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिले में स्थित गौ सेवा समिति, गौ शाला सेवा समिति, गौ रक्षा समिति तथा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढाबा संचालकों की संयुक्त बैठक आयोजित कर मवेशियों के व्यवस्थापन हेतु निर्देश दिया गया। खुले में मवेशियों को छोडने़ वाले पशु मालिकों से जुर्माना की कार्रवाई संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों से कराने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्वच्छता दीदीयों के आलावा गांव के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता होनी चाहिए। इस दौरान जेम रजिस्ट्रेशन के संबंध में चर्चा की गई। जनपद पंचायत स्तर पर 5-5 मास्टर ट्रेनर्स बनाये जाने हेतु नामों का चयन कर सूची जिला पंचायत में उपलब्ध कराने कहा गया। ऐसे चयनित ट्रेनर्स एवं ग्राम पंचायत के सचिव को 26 जुलाई को बीआरसी भवन में प्रशिक्षण दिलाने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 31 जुलाई को आयोजित बैंकर्स की बैठक में इन्टरप्राईजेस फायनेंस की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। विभिन्न मदों के अन्तर्गत आबंटन प्राप्त हो चुका है, सभी जनपद को मांग पत्र प्रेषित करने निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में जल शक्ति अभियान, बीज वितरण, फसल चक्र परिवर्तन के कार्यो तथा समय-सीमा एवं जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संबंधित जिला अधिकारीगण एवं जनपद पंचायत के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी आवश्यक सलाह

**राजनांदगांव 21 जुलाई।** बारिश के दिनों में कई प्रकार के मच्छर जनित बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। भारी बारिश, जलजमाव और बाढ़ जैसी स्थितियां मच्छरों के प्रजनन के लिए सबसे अनुकूल होती हैं, जिसके कारण बारिश के महीनों में डेंगू-मलेरिया के मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिलती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू-मलेरिया बीमारी से बचाव के संबंध में नागरिकों के लिए आवश्यक सलाह जारी की गई है। डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता हैं। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे आक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहनें एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है, जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यत~ जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए।

# आयुष्मान कार्ड का गलत उपयोग करने वाले अस्पतालों पर की गई कार्रवाई

**रायपुर, 21 जुलाई।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आम जन के लिए एक अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय की जा रही है। अपने आर्थिक लाभ की दृष्टि से कई अस्पताल नियमों की अवहेलना कर मरीजों के अधिकार (आयुष्मान कार्ड) का दुरूपयोग करते हुए शासन को गुमराह कर रहे हैं । इसी कारण शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के सुचारू रूप से क्रियान्यवन हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियम विरुद्ध कार्य कर रहे अस्पतालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत वर्ष 2024 में अब तक कुल 48 अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है। इन 48 अस्पतालों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर जाँच उपरांत, 11 अस्पतालों के विरुद्ध जुर्माना लगाया जा चुका है एवं 1 अस्पताल का पंजीयन निरस्त किया गया है। इन अस्पतालों के विरुद्ध आयुष्मान कार्ड से इलाज करने के बाद भी हितग्राहियों से अतिरिक्त नगद राशि लेने, आर्थिक लाभ हेतु नियम विरुद्ध अनावश्यक रूप से मरीजों को योजना अंतर्गत भर्ती किये जाने एवं अवैधानिक तौर पर योजना के तहत गर्भाशय के ऑपरेशन करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुयी थी। नियम विरूद्ध कार्य करने पर जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनंदगांव पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड, श्री आरोग्यम हॉस्पिटल पर 11 लाख 41 हजार रुपए का अर्थदंड एवं अंकुर हॉस्पिटल रायपुर, 1 लाख 40 हजार का अर्थदंड, माँ यशोदा हॉस्पिटल, जिला-गरियाबंद पर 6 लाख 60 हजार रूपए, श्री राम हॉस्पिटल झलप, महासमुंद पर 11 लाख 41 हजार रूपए, अशोका हॉस्पिटल, रायपुर 31 लाख 60 हजार रूपए , ओमकार हॉस्पिटल बिलासपुर, 1 लाख 82 हजार रूपए, साई समर्थ हॉस्पिटल रायपुर 4 लाख 25 हजार रूपए, CIMT हॉस्पिटल, रायपुर 11 लाख 8 हजार रूपए, केयर एंड क्योर हॉस्पिटल, बिलासपुर पर 12 लाख 74 हजार 900 रूपए का अर्थदंड एवं स्पर्श मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग पर 24 लाख 44 हजार 700 का अर्थदंड लगाया गया है।

## गांवों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

# मलेरिया व डायरिया पीड़ित मरीजों को देखने सिम्स और जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर



**रायपुर, 21 जुलाई।** बिलासपुर कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने आज सिम्स और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। उनका अच्छे से देखरेख और इलाज करने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। उन्होंने यहां मलेरिया और डायरिया के मरीजों के लिए बेड बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में मलेरिया और डायरिया प्रभावित मरीजों के लिए आपात स्थिति में 15 आईसीयू के बेड और 20 सामान्य बेड बढ़ाया जाए। इसी प्रकार सिम्स में 10 आईसीयू बेड बढ़ाने कहा। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने मरीजों की बेहतर निगरानी और इलाज के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को समझाइश दी गई है कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य की समस्या होने पर झाड़-फूंक या झोलाछाप डॉक्टर से इलाज न कराकर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र जाकर इलाज कराएं। उन्होंने प्रभावित गांवों में जनचौपाल लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाने को कहा है ताकि वर्षा जनित बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने निर्देशित किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करें और संक्रमण की जानकारी मिलने पर त्वरित स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार करना सुनिष्चित करें। कलेक्टर ने जिले में डायरिया के प्रभाव को नियंत्रित करने हेतु जनचौपाल एवं क्षेत्र भ्रमण के निर्देश पर जिला प्रशासन, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मदनपुर में स्वास्थ्य चौपाल लगाया। टीम ने गली कूचों का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। जिसमें ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छ जल सहित खान-पान की जानकारी दी गई। इस दौरान पानी उबाल कर पीना है - डायरिया को दूर करना है का स्लोगन भी दिया गया। गांव में मितानिनों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे जागरूक किया जाकर ओआरएस एवं दवाई का वितरण किया जा रहा है। पीएचई विभाग द्वारा स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु टंकी की सफाई कराकर सभी बोर को क्लोरिन डाला गया। नालियों की सफाई सहित ब्लीचिंग छिड़काव भी कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी गांवों में हर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों जैसे डायारिया मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने हेतु जनचौपाल आयोजित किया जा रहा है। चौपाल में हाथ धुलाई ,स्वास्थ्य परीक्षण , दवा वितरण एवं जनजागरुकता का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिला एवं मितानिन द्वारा घर-घर जाकर मौसमी बीमारी के लक्षण एवं रोकथाम के उपाय से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने हरियर राजनांदगांव के लिए लगाए नीम एवं बेल के पौधे



**राजनांदगांव 21 जुलाई।** राजनांदगांव शहर को प्रदूषण मुक्त करने तथा चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव' की परिकल्पना को साकार करने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्री वायपी सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के साथ कलेक्टर निवास में नीम एवं बेल पौधे का रोपण किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि पौधरोपण के साथ उसका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, तभी पौधे पेड़ का रूप लेंगे। उन्होंने कहा कि %चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव' की परिकल्पना के साथ राजनांदगांव जिले में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी प्रकार %एक पेड़ माँ के नाम' शासन की सोच को साकार करने नागरिकों में उत्साह है और जिले में अपनी माता एवं परिवार के नाम लोग पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा के लिए शपथ ले रहे हैं। नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गत 3-4 वर्षों से नगर निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में वृहद रूप से पौधरोपण किया गया है। इस वर्ष भी सभी वार्डों में स्थान चयन कर पौधरोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किए गए पौधरोपण की अच्छी तरह से देख-भाल की जा रही हैं, जिससे अधिकांश पौधों ने वृक्ष का आकार ले लिया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे पौधों और वृक्ष की देख-भाल व सुरक्षा करेंगें तो हमारा शहर हरा-भरा हो जायेगा।

### बृजमोहन और राजेश मूणत ने किया पश्चिम के मतदाताओं का सम्मान एवं आभार

**रायपुर 21 जुलाई।** केंद्र में तीसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनी जिस हेतु भारतीय जनता पार्टी मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन कर देश भर के मतदाताओं का आभार कर रही है । इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रायपुर पश्चिम विधानसभा के मतदाताओं का सम्मान समारोह रायपुर स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जहां पश्चिम विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के मतदाता महिलाएं , युवा एवं बुजुर्ग कार्यक्रम में उपस्थित रहे जहां रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक राजेश मूणत ने भगवान राम की प्रतिमा वाला मोमेंटो , शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया और उपस्थित जनमानस पर मंच से गुलाब की पंखुड़ियों का छिड़काव कर अभिनंदन किया । रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा की इस ऐतिहासिक विजय में हम आपके द्वारा मिले अपरिमित स्नेह का हृदयतल से अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हैं उपस्थित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम हेतु भी आप सभी का बहुत आभार है हम सभी अपनी तरफ से भरपूर परिश्रम करते हैं परंतु उसे परिणाम तक हमारे सम्मानित मतदाता ही पहुंचाते हैं रायपुर लोकसभा अंतर्गत 9 विधानसभाएं आती हैं जिसमे विधानसभावार मतदाता अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमे से उत्तर विधानसभा सहित 5 विधानसभा में यह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है 3 और विधानसभाओं में आगामी 2 दिनों में कार्यक्रम संपन्न किए जायेंगे इसके साथ ही बहुत ही महती योजना में हम सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है जिसका नाम है ÷ एक पेड़ मां के नाम ÷ अभियान में अपना भरपूर योगदान देना है हमने रायपुर लोकसभा में 11 लाख वृक्षों का वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है और आप सभी को जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाना है ।

### विधायक ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण का किया लोकार्पण



**राजनांदगांव 21 जुलाई।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने ग्राम लालूटोला (उमरवाही) में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लालूटोला मे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक भोलाराम साहू ने जन समूहो को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुविधाओं का ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर मांगो को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से क्षेत्र में तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है। इस विपक्ष में रहकर हम आपके दुख दर्द में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, जनपद सदस्य हरिला चंद्रवंशी, जोन प्रभारी प्रताप घावडे, जनपद सदस्य देव पेंन्द्रो, सरपंच ज्योति कोठारी, तुलसीराम साहू, बिझम पटेल, परमू लाल मेहला तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## अटल के खिलाफ रची गई है एक बड़ी साजिश

अटल ;व्योम ठक्करद्ध अपने भाई अवध के निर्देशों का पालन करते हुए गौ माता की देखभाल करता हैए लेकिन उनके अचानक निधन से चौंक जाता है। जब अटल सुबह उठकर गौ माता की देखभाल करने जाता हैए तो उसे पता चलता है कि उनका निधन हो गया है। इस दुःखद घटना के लिए कई लोग अटल को दोषी ठहराते हैंए लेकिन कृष्णा देवी का मानना है कि यह अटल को मुश्किल में डालने के लिए सोची.समझी साज़िश है। कृष्णा देवी का किरदार निभा रही नेहा जोशी ने कहाए ष्मोहल्ले के लोग और सरपंच घर के आंगन में जमा हो जाते हैं। हर कोई इस घटना के लिए अटल को जिम्मेदार ठहराता हैए क्योंकि वह सामाजिक नियमों के खिलाफ गया था। अटल को कमजोर करने की कोशिश करते हुए तोमर दावा करता है कि अटल ने गौ माता की ठीक से देखभाल नहीं की होगी और इसी वजह से उनका निधन हुआ है। कृष्ण बिहारी ;आशुतोष कुलकर्णीद्धए कृष्णा देवीए अटल के दादाजी और भाई अवध अटल को बचाने के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना का आरोप खुद पर लेने की कोशिश करते हैं। हालांकिए अटल को बचाने की परिवार की कोशिशों के बावजूदए हर कोई इस बात पर जोर देता है कि अटल को आरोप स्वीकार कर लेना चाहिए और अपनी गलती का खामियाजा भुगतना चाहिए। अटल गौ माता को बहुत याद करता है और घोषणा करता है कि वह प्रायश्चित करेगा। अनुष्ठान के भाग के रूप मेंए सरपंच अटल को सात दिनों तक घर से बाहर रहने और भिक्षा मांगकर अपने भोजन और पानी की व्यवस्था करने का निर्देश देते हैं।ष् कृष्णा देवी आगे कहती हैंए ष्तोमर दादाजी से अटल को प्रायश्चित के सभी नियमों के बारे में विस्तार से बताने के लिए कहता है। दादाजी अटल को अपने बाल कटवानेए एक भिक्षु की तरह वस्त्र धारण करने और गौ माता के गले के चारों ओर बंधी रस्सी को अपने गले में डालने के लिए कहते हैं। सुशीला बुआ ;दीपा संवरगांवकरद्ध कृष्णा देवी से कहती हैं कि यदि वे बटेश्वर चले गए होतेए तो यह सब नहीं होता। उनकी इस बात से कृष्णा देवी को शक हो जाता है और वह अवध को गौ माता के निधन की असली वजह जानने के लिए एक डॉक्टर को बुलाने के लिए कहती हैं।



## हप्पू के मजेदार एक्सप्रेशन्स बने हर मूड के लिये परफेक्ट इमोजी

डिजिटल युग में इमोजीज़ कम्युनिकेशन का एक यूनिवर्सल साधन बन गये है, जिन्होंने आत्म-अभिव्यक्ति के रूप में पारंपरिक शब्दावली को पीछे छोड़ दिया है। खासतौर से आज के युवाओं में इमोजीज़ के बढ़ते प्रभाव को देखते हुये, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' के पसंदीदा किरदार दरोगा हप्पू सिंह ने भी अपने आइकॉनिक फेशियल एक्सप्रेशन्स के साथ डिजिटल जगत में एक धमाकेदार एंट्री की है। हप्पू सिंह के इन मजेदार इमोजीज़ में ढेरों इमोशन्स को कैप्चर किया गया है। इन्होंने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है और डिजिटल संचार को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। उनकी अनूठी शरारती मुस्कान से लेकर हैरत भरी नजर और थकान वाली आह तक, हप्पू सिंह के एक्सप्रेशन्स बड़े पैमाने पर जुड़ाव बनाते हैं और ऑन स्क्रीन एवं ऑफ स्क्रीन हर किसी की बातचीत को और भी ज्यादा मजेदार एवं समझ में आने योग्य बनाते हैं। वर्ल्ड इमोजी डे पर योगेश त्रिपाठी ऊर्फ दरोगा हप्पू



सिंह ने अपनी खुशी का इजहार करते हुये कहा, ''अपने फेशियल एक्सप्रेशन्स को गिफ्ट्स एवं इमोजीज़ में बदलते देखकर मैं बहुत रोमांचित हूं। ये कमाल की बात है कि मेरी शरारत भरी मुस्कान, तिरछी नजर और बेवकूफी भरी हंसी डिजिटल संचार का हिस्सा बन गई है। शो में मेरे किरदार के एक्सप्रेशन्स और छिपे हुये इशारे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हैं और उनके चेहरों पर मुस्कान लाते हैं।

## श्रीदेवी से लेकर राधिका मदान तक - अभिनेत्रियाँ जिन्होंने स्क्रीन पर महाराष्ट्रीयन किरदार निभाया



1) प्रियंका चोपड़ाः विभिन्न उद्योगों में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा, विशाल भारद्वाज की कमीने और संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित बाजीराव मस्तानी में महाराष्ट्रीयन किरदार निभाती नज़र आई थीं। जहां पहली फिल्म में वह 'स्वीटी शेखर भोपे' के रूप में दिखाई दीं, वहीं अभिनेत्री ने ऐतिहासिक ड्रामा बाजीराव मस्तानी में काशीबाई की भूमिका निभाई।

2) श्रीदेवीः बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी गौरी शिंदे द्वारा निर्देशित 'इंग्लिश विंग्लिश' में एक मराठी महिला शशि गोडबोले का किरदार निभाती नजर आईं। कॉमेडी ड्रामा में उनके अभिनय की सभी ने खूब सराहना की और उन्होंने 'आउटस्टैंडिंग परफॉर्मर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार भी जीता और इसे ऑस्कर नामांकन के लिए भी चुना गया।

3) कंगना रनौतः ऐतिहासिक युद्ध ड्रामा 'मणिकर्णिकाः क्वीन ऑफ झांसी' में, कंगना रनौत ने रानी लक्ष्मी बाई उर्फ मणिकर्णिका मनु का वास्तविक जीवन का किरदार निभाया।

4) राधिका मदानः फिल्म 'सरफिरा' में, प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेत्री राधिका मदान अक्षय कुमार के साथ एक पूर्ण महाराष्ट्रीयन किरदार 'रानी' निभाती नजर आ रही हैं। फिल्म में उनके अभिनय को आलोचकों और दर्शकों द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया है, और उन्हें इस भूमिका के लिए एकदम उपयुक्त बताया गया है।

5) कृति सनोनः अभिनेत्री कृति सनोन, जिन्हें आशुतोष गोवारिकर की ऐतिहासिक ड्रामा 'पानीपत' में पार्वती बाई का किरदार निभाते हुए देखा गया था, अभिनेत्री इस किरदार में खूबसूरत लग रही थीं।

## सीरत कपूर और त्रिविक्रम श्रीनिवास का यादगार रहा पल

सीरत कपूर, जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दिलकश प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म ₹उषा



परिणयम के सेट से एक दिल को छू लेने वाला किस्सा साझा किया। गाने की शूटिंग के दौरान उन्हें एक ऐसा पल मिला जिसे वे किस्मत का खेल मानती हैं। शूटिंग के दौरान, फिल्म के सेट पर एक अप्रत्याशित मेहमान आए। इंडस्ट्री के मशहूर नाम त्रिविक्रम श्रीनिवास अचानक सेट पर आ पहुंचे, जिससे वहां मौजूद सभी लोग खुश हो गए। उन्होंने मॉनिटर के पास बैठकर सीरत के प्रदर्शन को बड़े ध्यान से देखा। इस पल को याद करते हुए, सीरत कपूर ने कहा, ₹मैं अपने सीन में डूबी हुई थी, किरदार की भावनाओं को महसूस कर रही थी, संवेदनशील फिर भी शांत, फिल्म स्टूडियो की सारी ऊर्जा समेटे हुए। एक अभिनेता के रूप में, उस पल में मुझे भगवान की योजना पर जरा भी शक नहीं था। इसने न केवल सीरत पर एक गहरी छाप छोड़ी है बल्कि उनके और त्रिविक्रम श्रीनिवास के बीच संभावित सहयोग की अटकलों को भी हवा दे दी है। फैंस और इंडस्ट्री के लोग दोनों ही उत्साहित हैं, सोच रहे हैं.

## सीरत कपूर की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल

सीरत कपूर, जो माना में, रन राजा रन और कई अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, ने एक बार फिर अपने हालिया शानदार तस्वीरों से अपने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। तस्वीरों में, वह एक क्लासी ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं, जो उनकी प्राकृतिक सुंदरता और बेहतरीन स्टाइल सेंस को उजागर करती है। सीरत आत्मविश्वास और गरिमा से भरी हुई दिखती हैं। उनकी चमकदार मुस्कान, हल्के लेकिन आकर्षक मेकअप के साथ मिलकर,



उनके चेहरे के भावों को खूबसूरती से उभारती है। काले कपड़े का चुनाव उनकी त्वचा के रंग के साथ अच्छा मेल खाता है और उसमें एक अदा और शान भी जोड़ता है। जैसे ही अभिनेत्री ने ये तस्वीरें साझा कीं, फैंस ने तुरंत कमेंट्स में प्रतिक्रियाएं देना शुरू कर दिया। एक फैन ने लिखा, You look gorgeous and glamourous एक अन्य ने जोड़ा, So Beautiful इन तस्वीरों को और भी खास बनाता है कि सीरत कपूर ने अपने बाल और मेकअप खुद किया है। आज के समय में, जब लोग अक्सर प्रोफेशनल स्टाइलिंग पर निर्भर रहते हैं.

## डेलबर आर्या ने अपनी फैशन-दीवा स्ट्रीक और लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धूम मचाया

फैशन और एलिगेंस की दुनिया में, डेलबर आर्या हमेशा से बेंचमार्क सेट करती रही हैं। उनकी हालिया फोटो में उनका लुक वाकई कमाल का है, जिसमें सोफिस्टिकेशन और बोल्डनेस का शानदार मिश्रण दिखता है। चलिए, इस लुक के हर एलिमेंट को देखते हैं जो इसे सच में खास बनाते हैं। डेलबर आर्या का आउटफिट कंटेम्परेरी फैशन का एक मास्टरपीस है। उनका सफेद ब्लेज़र, जो एक क्लासिक पीस है, टाइमलेस एलिगेंस बिखेरता है। इसे उन्होंने काले ब्रालेट



के साथ पहना है, जो बोल्ड और रिफाइंड का परफेक्ट बैलेंस बनाता है। स्ट्रक्चर्ड ब्लेज़र और डेलिकेट ब्रालेट के बीच का कॉन्ट्रास्ट लुक में गहराई जोड़ता है। एक्सेसरीज़ का बहुत बड़ा रोल है डेलबर के लुक को एन्हांस करने में। गोल्ड के चंकी हूप इयररिंग्स और मैचिंग गोल्ड रिंग्स उनके लुक में लक्जरी और सोफिस्टिकेशन का टच जोड़ते हैं। ये एक्सेसरीज़ न सिर्फ आउटफिट को कॉम्प्लिमेंट करती हैं बल्कि डेलबर की रेडिएंट ब्यूटी को भी हाइलाइट करती हैं। डेलबर का मेकअप उनकी नैचुरल फीचर्स को और निखारता है, जिससे उन्हें फ्रेश और ग्लोइंग लुक मिलता है। उनका मेकअप सबटल लेकिन

## शुभ मुखर्जी ने कहा विष्णुवर्धन सेट पर बहुत ही पोसिटिविटी लेकर आते थे

अभिनेता-गायक और सोशल मीडिया सेलिब्रिटी अन्वेषी जैन ने हाल ही में अपना नया म्यूजिक वीडियो बंजारे रिलीज़ किया है, जिसे शेरशाह के निर्देशक विष्णुवर्धन ने निर्देशित किया है। वीडियो को फिल्म निर्माता शुभ मुखर्जी द्वारा शूट और एडिट किया गया है, अपने निर्देशक की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। बंजारे में विष्णुवर्धन के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, वे कहते हैं, "इतने कुशल निर्देशक के साथ काम करना बहुत ही दिलचस्प था। लोग



उन्हें शेरशाह से जानते हैं, लेकिन उन्होंने साउथ में वाकई कुछ नया काम किया है।' शुभ ने खुद कहवा नाम की एक फिल्म का निर्देशन किया है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया है। शुभ बताते हैं कि कैसे वे और विष्णुवर्धन काम के प्रति सामान दृष्टिकोण रखते हैं, "जिस तरह से वह अपनी फिल्मों की कल्पना करते हैं, वह बिल्कुल मेरे जैसा ही है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो सिनेमैटोग्राफी और एडिटिंग को भी बखूबी समझते हैं। और ये गाना मैंने ना सिर्फ शूट किया है बल्कि एडिट भी किया है। उन्हें पता है कि मुझे क्या

## अंबानी की शाही शादी के सुनहरे पल जो आपको हैरान कर देंगे

**जान्हवी कपूर:** जान्हवी कपूर अपने शानदार सुनहरे लहंगे में शाही अंदाज़ में नज़र आईं। ब्रालेट-स्टाइल ब्लाउज़ में मंदिर के गहनों का इस्तेमाल करके जटिल सजावट की गई थी। अभिनेत्री ने इसे एक समान रूप से सुंदर लहंगे की स्कर्ट और ट्यूल दुपट्टे के साथ पहना था। अभिनेत्री ने अपने एक्सेसरीज़ के साथ हर किसी को आर्कर्षित किया। उन्होंने अपने लुक को स्टेटमेंट झुमकों, चोकर नेकलेस, टिकली, शानदार ब्रेसलेट और अंगूठियों के साथ पूरा



किया। मेकअप के लिए, जान्हवी ने पारंपरिक भारतीय ग्लैमर लुक चुना और एक पतली लाल बिंदी के साथ शो को पूरा किया।

**डायना पेंटी:** मैक्सिमलिज्म 2024 का मंत्र है, और डायना पेंटी निश्चित रूप से जानती हैं कि इसे कैसे करना है! उन्होंने गोल्डन साड़ी पर अपने खूबसूरत अंदाज से सबका ध्यान खींचा। एक समान रूप से शानदार केप स्लीव ब्लाउज के साथ नाजुक फ्रेंच लेस साड़ी शाम के लिए एकदम सही लुक के लिए बनी। ब्लाउज आसानी से लुक का मुख्य आकर्षण था। सामने की तरफ बेजल क्रिस्टल और बीड वर्क और पीछे की तरफ मोतियों की माला के साथ, यह एक ऐसा पल था जिसे देखा जाना चाहिए! उनके लुक को लाल होंठों, बोल्ड आईलाइनर और मोती की एक्सेसरीज़ के साथ पूरा किया गया।

**अनन्या पांडे:** अनन्या पांडे एक ऐसी अदाकारा हैं जो हर लुक में अपनी निजी स्टाइलिंग और युवा आकर्षण को दर्शाने में कभी विफल नहीं होती हैं। अदाकारा ने गोल्डन साड़ी के ट्रेंड में एक युवा और ताजा वाइब लाई। सेक्विन, शिमर, मिरर और ग्लिटर इस आउटफिट के लिए एकदम सही वर्णन हैं। अनन्या ने साड़ी को बेजल वाले ट्यूब ब्लाउज़ के साथ पेयर करके इसे और भी अनोखा और ट्रेंडी रूप दिया।

**सारा अली खान:** सारा अली खान ने अपनी गोल्डन साड़ी के साथ एक आधुनिक ठाठ वाला लुक अपनाया। विस्तृत मिरर पैटर्न और विचित्र ड्रेपिंग ने उनकी शैली को उजागर किया। सारा ने अपने भारी आउटफिट को एक सुंदर इयररिंग के साथ पूरा किया, जिससे पूरा लुक संतुलित और मनभावन लग रहा था।

## विक्की कौशल ने कियारा आडवाणी के बारे में कहा 'मुझे लगता है कि उनके साथ हर फिल्म बेहतर होगी

कियारा आडवाणी भारतीय सिनेमा की सबसे बहुमुखी और पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने प्रभावशाली करियर में, प्रमुख अभिनेत्री ने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है, और उनमें से एक विक्की कौशल हैं। कियारा ने पहली बार विक्की के साथ 'लस्ट स्टोरीज़' में काम किया था। यह फिल्म उन दोनों के लिए टर्निंग पॉइंट थी और फिर वे गोविंदा नाम



मेरा में फिर से नज़र आए। हाल ही में, अपनी आगामी फिल्म 'बैड न्यूज़' के प्रचार के दौरान, विक्की कौशल ने कियारा आडवाणी के बारे में बहुत बात की और कहा, कियारा इंडस्ट्री में मेरी पसंदीदा लोगों में से एक हैं। मैं उन्हें एक इंसान के तौर पर और एक अभिनेता के तौर पर भी प्यार करता हूँ। हम अक्सर बात नहीं करते और मिलते नहीं हैं, लेकिन मुझे उनके साथ लस्ट स्टोरीज़ में काम करने में मज़ा आया और मैंने उनके साथ गोविंदा नाम मेरा में काम किया। इसके बाद विक्की ने कहा, जब मैं उनके साथ काम करता हूँ तो मुझे अलग तरह का एहसास होता है, जहाँ मुझे लगता है कि हम दोनों के बीच बहुत सहजता है.

## 'आलिया बसु गायब है' का फर्स्ट लुक जारी हुआ !

पिछले दो सालों में, रोमांटिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्मों ने स्क्रीन पर अपना दबदबा बनाया है, जिससे थ्रिलर के दीवाने और भी रोमांचक अनुभवों की तलाश में हैं। ऐसा लगता है कि उनका इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। आज, रिहैब पिक्चर्स ने 'आलिया बसु गायब है' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करके प्रशंसकों को खुश कर दिया है। विनय पाठक, राइमा सेन और सलीम दीवान जैसे बेहतरीन कलाकारों से सजी यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे ट्विस्टेड और




मनोरंजक थ्रिलर बनने जा रही है, जो 9 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी। अभी उपलब्ध फर्स्ट लुक पोस्टर में मुख्य कलाकारों को दिखाया गया है और यह एक रोमांचक थ्रिलर का वादा करता है जो दोषपूर्ण पात्रों और उनकी स्वार्थी इच्छाओं पर आधारित है। पोस्टर ने तुरंत ध्यान आकर्षित करते हुए इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए एकदम सही मंच तैयार किया है, जिसका ट्रेलर जल्द ही रिलीज़ होने वाला है। निर्माता डॉ. सत्तार दीवान ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, निर्माता और फिल्म निर्माता के रूप में मेरा एकमात्र उद्देश्य दर्शकों का मनोरंजन करना है।

## कुब्रा सैत अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर के साथ सन ऑफ सरदार 2 में शामिल हुई

कुब्रा सैत भारतीय मनोरंजन उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं में से एक के रूप में चमकती रहती हैं। कई परियोजनाओं में अपने कौशल और विविधता को प्रदर्शित करने के बाद, कुब्रा सैत को सबसे प्रतीक्षित कॉमेडी सीक्वल, सन ऑफ सरदार 2 में एक भूमिका मिली है, जिसमें कई बेहतरीन कलाकार हैं। एक स्वतंत्र उद्योग स्रोत ने खुलासा किया, ₹कुब्रा सैत सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर के साथ शामिल हुई हैं। हालांकि उनकी भूमिका की बारीकियों को गुप्त



रखा गया है, लेकिन यह ज्ञात है कि वह विजय अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस बड़े पर्दे की मनोरंजक फिल्म में एक दिलचस्प किरदार निभाएंगी। स्रोत ने कहा, ₹कुब्रा सैत अगले महीने फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें फिल्म का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में शूट किया जाएगा। कुब्रा सैत की बात करें तो फ़र्ज़ी, ट्रायल गली बॉय और 'सेक्रेड गेम्स' में नज़र आ चुकीं कुब्रा सैत के पास सबसे ज़्यादा लाइन-अप हैं। सन ऑफ़ सरदार 2 के अलावा, वह शाहिद कपूर स्टारर 'देवा' में एक्शन से भरपूर अवतार में नज़र आएंगी और हाल ही में उन्होंने डेविड धवन स्टारर कॉमेडी एंटरटेनर की शूटिंग शुरू

## मेरे जन्मदिन पर, कास्ट ने 'बिहेव' लिखा हुआ केक लाकर मुझे सरप्राइज़ दिया₹: सूरज थापर

किसी कलाकार का काम तब बहुत आसान हो जाता है, जब सह-कलाकारों के साथ उसका ऑफ-स्क्रीन तालमेल ऑन-स्क्रीन जितना ही मजबूत हो। सोनी सब के 'बादल पे पांव हैं' में खन्ना परिवार के साथ यही मामला है। आकाश आहूजा, सूरज थापर, शेफाली राणा, लोकेश बत्ता, मानसी शर्मा और अन्य कलाकारों से भरपूर इस परिवार में हंसी-मज़ाक का माहौल बना रहता है, चाहे कैमरा चल रहा हो या नहीं। शो को खन्ना परिवार के तालमेल



के लिए काफी सराहा गया है, और पर्दे के पीछे भी कलाकारों के बीच इसी तरह का भाव रहता है। चाहे एक-दूसरे की टांग खींचना हो या सबसे मज़ेदार इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पोस्ट करने के लिए इकट्ठा होना हों, कास्ट हमेशा मज़े करती रहती है। हाल ही में, कास्ट ने साथ मिलकर अनुभवी अभिनेता सूरज थापर का जन्मदिन मनाया, और यह सेलिब्रेशन खुशी और हंसी से भरा हुआ था। यह उनकी ऑफ-स्क्रीन कैमिस्ट्री और मस्ती ही है, जो शो में खन्ना परिवार के स्वाभाविक हंसी-मज़ाक के रूप में दिखाई देती है.

## विद्या बालन ने अंबानी विवाह समारोह में भारतीय शिल्प कौशल को श्रद्धांजलि दी

हाल ही में अंबानी विवाह समारोह में, हमने कुछ बेहतरीन एथनिक आउटफिट देखे। पुराने कपड़ों से लेकर संधारणीय फैशन तक, फैशन का स्तर बहुत ऊंचा था, और कैसे! इस हाई प्रोफाइल इवेंट के इस बवंडर में, एक अभिनेत्री ऐसी भी थी जो न केवल अपनी सेलिब्रिटी पावर के कारण बल्कि अपने आउटफिट के कारण भी सबसे अलग दिखी, जो शिल्प कौशल और शान को श्रद्धांजलि देता था। आशीर्वाद समारोह में, विद्या बालन ने एक कस्टम री-सेरेमोनियल से एक शानदार पीले रंग के घाघरे में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, जो पारंपरिक और आधुनिक शान का एक



बेहतरीन मिश्रण था। कोई भी फैशन प्रेमी ऐसा नहीं था जिसने इस लुक को मिस किया हो! आश्चर्य है कि घाघरे में ऐसा क्या खास है? यह इस शानदार पहनावे और इसकी पिछली कहानी है जो इसे शहर की चर्चा का विषय बनाती है। अभिनेत्री ने गुलरेज़ चोली पहनी थी, जिसमें धातु के धागों और कांच के मोतियों का उपयोग करके जटिल हाथ की कढ़ाई की गई थी। इस जीवंत पीस को जीवंत बनाने में कुल 100 दिन लगे।

## मनोज जोशी और मंजरी फडनिस की हिंदी फिल्म 'द यूपी फाइल्स' 26 जुलाई को हो रही रिलीज़

**लिपिका वर्मा.** रियल स्टोरी से प्रेरित मनोज जोशी और मंजरी फडनिस अभिनीत हिंदी फिल्म 'द यूपी फाइल्स' 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। श्री ओस्टवाल फिल्म्स की फिल्म 'द यूपी फाइल्स' का ट्रेलर जबसे आउट हुआ है यह फ़िल्मि चर्चा में रही है। नीरज सहाय द्वारा निर्देशित और कुलदीप उमराव सिंह ओस्टवाल द्वारा र्निमत 'द यूपी फाइल्स' सच्चाई से जुड़ी घटनाओं



से प्रेरित फ़िल्मि है। फ़िल्मि की कहानी और डायलॉग बहुत स्पेशल हैं, जिनसे दर्शक गहरे रूप से कनेक्टेड महसूस करेंगे। निर्देशक नीरज सहाय का कहना है कि पिछले कुछ वर्षो से हम एक उज्जवल उत्तरप्रदेश देख रहे हैं। इस विषय पर फ़िल्मि बनाने के लिए जब मैंने अपने निर्माता उमराव सिंह ओस्टवाल के साथ बात की तो उन्होंने इस कहानी को तुरंत स्वीकृति दे दी और बस फ़िल्मि हमने शुरू कर दी। अब पूरी टीम उत्साहित है कि 26 जुलाई २०२४ को फ़िल्मि थिएटर में दस्तक दे रही है। मनोज जोशी को अपने लंबे करियर में पहली बार लीड कैरेक्टर अदा करने का अवसर मिला है और उन्होंने लेखक निर्देशक के विज़न के अनुसार अपने किरदार की तैयारी की।

## अनीता भाबी की बस दुर्घटना में हुई अचानक मौत?

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर है की आगे की कहानी में एक ऐसा ट्विस्ट आ रहा है, जो आपको तगड़ा झटका देगा! अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) के साथ एक दुखद बस दुर्घटना हो जाती है, जिसके बारे में सुनकर हर कोई चौंक जाता है। इधर विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) को दूसरी शादी का प्रस्ताव भी मिल जाता है। मनमोहन तिवारी की भूमिका निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''अनीता, विभूति से कहती है कि वह एक



सेमिनार के लिये शहर से बाहर जा रही है। विभूति यह सोचकर खुश हो जाता है कि अब वह अंगूरी (शुभांगी अत्रे) पर खुलकर डोरे डाल सकता है। लेकिन तभी, दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी), अनीता के साथ हुई बस दुर्घटना की बुरी खबर लेकर आता है। इससे हर कोई सन्न रह जाता है। तिवारी बेहोश हो जाता है, विभूति कुछ समझ नहीं पाता है और डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) को हार्ट अटैक आ जाता है। डॉक्टर (जीतू गुप्ता) सभी को बताता है कि डेविड चाचा सिर्फ एक साल और जी सकेंगे। दुखी होकर विभूति शराब पीना शुरू कर देता है। डेविड चाचा, विभूति से कहते हैं कि वह दूसरी शादी कर ले, ताकि पोते को देखने की उनकी इच्छा पूरी हो जाए। विभूति शुरू में इनकार करता है, लेकिन अंगूरी उसे मना लेती है।

## तेजस्विनी सिंह निभाएँगी एण्डटीवी के 'भीमा' में मुख्य किरदार

एण्डटीवी के नए शो 'भीमा' के प्रोमो के प्रसारण के बाद से ही इंडस्ट्री में इसके टाइटल रोल को निभाने वाली नन्हीं बच्ची को लेकर चर्चा सुर्खियों में है। तेजस्विनी सिंह को इस शो में 8 वर्षीय भीमा का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। शो को राज खत्री प्रोडक्शन्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। भीमा की भूमिका निभाने को लेकर बेहद उत्सुक तेजस्विनी सिंह ने कहा, ₹भीमा का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मेरे दोस्त एवं परिवार के लोग भी बहुत ज्यादा खुश हैं। हमने इसकी शूटिंग शुरू कर दी है। शो की टीम मुझे लाइनें याद करवाने और इस किरदार के लिए तैयार करने में मेरी मदद कर रही है। मैं हर दिन बहुत कुछ सीख रही हूँ और भीमा की कहानी को पर्दे



पर दिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ। इस शो के लिए हम बहुत मेहनत कर रहे हैं और उसे दर्शकों को दिखाने के लिए मैं बहुत उत्सुक हूँ। अपने किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुए वे आगे कहती हैं, भीमा जिज्ञासा और उत्सुकता का दिलचस्प मिश्रण है। वह अक्सर सवाल पूछती रहती है और उस दुनिया को समझने की कोशिश करती है, जिसमें वह रहती है। उसकी आँखों में साहस और दृढ़ संकल्प की चमक है, जो उसकी जीवंत प्रकृति को दर्शाती है। उसे अपने दोस्तों और बहन के साथ गेम्स, खासतौर से कंचे खेलना अच्छा लगता है। अपनी माँ (स्मिता साबले) और चचेरे भाई कुंदन

## दीप्ति ने लिया अश्विन और स्वरा के साथ चॉल छोड़ने का फैसला

सोनी सब का कार्यक्रम 'पुष्पा इम्पॉसिबल' दर्शकों को एक दयावान महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छूने वाली कहानी से रूबरू कराता है, जो अपनी सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना करती है, हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए आगे आती है। हालिया कहानी में, पुष्पा की बहू दीप्ति (गरिमा परिहार) चॉल छोड़ने का फैसला करती है क्योंकि प्रार्थना ने उसके साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है। शो के आगामी एपिसोड्स में, चॉल में तनाव बढ़ जाएगा क्योंकि दीप्ति को प्रार्थना के काफी रूखे बर्ताव का सामना करना होगा । अपनी बेटी के प्रति प्रार्थना के दुर्व्यवहार को देखकर दीप्ति के माता-पिता बहुत परेशान हो जाएंगे।



इन सब हालातों को देखते हुए, दीप्ति के पिता, मनीष (सचिन पारिख) पुष्पा के पास पहुंचकर अपना निर्णय सुनाते हुए कहेंगे कि दीप्ति को, अश्विन और स्वरा के साथ चॉल छोड़कर कहीं और रहना चाहिए, ताकि इस पूरे मामले में शामिल सभी लोग शांति से रह सकें। इस घटना से परिवार का भविष्य अधर में लटक गया है क्योंकि वे इस अहम निर्णय से जूझ रहे हैं, और दर्शकों को उत्सुकता से इस बात का इंतज़ार है कि यह नाटकीय मोड़ कैसे सामने आएगा। दीप्ति पटेल की भूमिका निभाने वाली गरिमा परिहार ने कहा, "दीप्ति को एक मां और एक कामकाजी महिला होने के नाते अपने जीवन में

## वो अनूठे आईसक्रीम फ्लेवर्स, जिनका स्वाद चखने को बेताब हैं कलाकार

नेशनल आईसक्रीम डे एक आनंददायक उत्सव है, जो कि दुनिया के एक सबसे प्रिय डेज़र्ट को सर्मिपत है। सालाना आयोजित होने वाला यह उत्सव हर जगह के आईसक्रीम प्रेमियों को अपने पसंदीदा फ्लेवर्स का आनंद उठाने और नए फ्लेवर्स को आजमाने के लिए आमंत्रित करता है। इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने सबसे अनूठे और उन अलग फ्लेवर्स के बारे में बताया, जिनका स्वाद चखने के लिए वे बेताब हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- तेजस्विनी सिंह, जो कि जल्द ही 'भीमा' में टाइटल रोल निभाती नजर आएँगी, व्योम ठक्कर ('अटल' के नन्हें अटल), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी)। एण्डटीवी के आगामी शो 'भीमा' में भीमा का किरदार निभा रहीं तेजस्विनी सिंह ने कहा, ''मुझे आईसक्रीम बेहद पसंद है। यह मेरा पसंदीदा डेज़र्ट है और इसे खाने का कोई भी मौका मैं कभी नहीं गँवाती हूँ। मेरे पैरेंट्स मुझसे जब भी पूछते हैं 'क्या चाहिए तुम्हें?' मेरा जवाब होता है 'आईसक्रीम' (हँसते हुए)। मेरी माँ का कहना है कि मैंने दुनिया के लगभग सभी फ्लेवर्स की आईसक्रीम खाई है, लेकिन मेरे पास अभी-भी कुछ अनूठे फ्लेवर्स वाली आईसक्रीम की लिस्ट है, जिनका स्वाद मैं चखना चाहूँगी। इनमें रोज पेटल आईसक्रीम शामिल है। मैंने सुना है कि यह एरोमैटिक होती है और इसे गुलाब की पत्तियों के एसेंस से बनाया जाता है। इसके स्वाद को और भी निखारने के लिए इसमें इलाइची भी डाली जाती है।

## एक नजर

### लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर, आवाजाही बंद, पुलिस प्रशासन अलर्ट



**सुकमा 21 जुलाई।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण सुकमा जिले के नदी- नाले उफान पर है जलस्तर बढ़ गया है इसी का जायजा लेने के एर्राबोर पहुँचे सुकमा एसपी किरण चव्हाण एएसपी अभिषेक वर्मा एएसपी अभिषेक माहेश्वरी डीएसपी निशांत पाठक थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा थाना प्रभारी पदमा जगत मौजूद रहे साथ ही बाढ़ से निपटने की तैयारी व राहत शिविरों का जायजा लिया। ताकि बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर लोग परेशान ना हो। ज़िले में जन्हा जहां पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। वहां आवगमन बंद कराने के लिए पुलिस को तैनात किया गया।

### सेवानिवृत्त होने पर स्मृति चिन्ह भेंट किया



**सुकमा 21 जुलाई।** जिले के विकासखंड सुकमा अंतर्गत प्राथमिक शाला मुयापारा मे प्रधानपाठक के पद पर रहे श्री जेठ राम साहू लगभग 42 वर्ष के सेवा उपरांत दिनांक 31/05/2024 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए सेवा निवृत्त उपरांत संकुल केंद्र बोरगुड़ा में पदस्थ शिक्षकों द्वारा श्री साहू को संबोधन पश्चात स्मृति चिन्ह भेट करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की गई। श्री साहू ने सभी शिक्षकों को उनके कार्यकाल में सहयोग के लिए धन्यवाद दिए कार्यक्रम में संकुल समन्वयक श्री सुनील नुप्पो प्रधान पाठक श्री किरण मरकाम एवं अन्य शिक्षक /शिक्षिका उपस्थित थे।

### स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जुलाई।** जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार शुरू करने हेतु बैंक प्रवर्तित योजना के तहत् 30 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। प्रभारी कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए आवेदक संबंधित जाति वर्ग के साथ जिले का मूल निवासी के साथ ही उनके परिवार की वार्षिक आय 01 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए और जन्मतिथि दर्शित 5वीं, 8वीं अथवा 10वीं की अंकसूची सहित आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने संबंधी शपथ पत्र अनिवार्य है। उपरोक्त सभी पात्रता रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 06 में 30 जुलाई तक कार्यालयीन समय तक आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला अंत्यावसायी विभाग कांकेर से सम्पर्क कर सकते हैं।

### प्रयास विद्यालयों के प्राक्चयन परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र में आंशिक संशोधन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जुलाई।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए 21 जुलाई दिन रविवार को संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले प्राक्चयन परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र में आंशिक संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के लिए केन्द्र निर्धारित किये जाने के फलस्वरूप पूर्व में निर्धारित परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर धुरगुड़ा के स्थान पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधारोपण



**कुरूद 21 जुलाई।** नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर एवं उनकी धर्मपत्नी राखी चंद्राकर तथा उनके टीम के पार्षदों ने सबसे पहले अपने निवास वार्ड क्रमांक 12 सन सिटी कॉलोनी फेस 3 फेस वन में वार्ड वासियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर, सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता, इंजीनियर भोजराज सिंहा, राखी तपन चंद्राकर पार्षद, मनीष साहू पार्षद, रघु सोनी पार्षद ,उत्तम साहू पार्षद गण एवं नगर पंचायत के कर्मचारीयों ने नगर के गौठान मेंभी वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर तपन चंद्राकर ने कहाकि पेड़ मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है. पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और हमें ऑक्सीजन देते हैं.पेड़ जानवरों पशु पक्षियों को भोजन और आश्रय प्रदान करते हैं.पेड़ दुनिया की सबसे अमूल्य चीज है.पृथ्वीको संतुलन बनाएं रखता है। पेड़ हमें ईंधन देता है, हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए आसपास के लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

# लगातार बारिश से हारम में गिरा बरगद का वृक्ष, 4 घर क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 21 जुलाई।** गीदम ब्लॉक के हारम ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 6 में आधी रात लगभग 3 बजे एक बरगद का वृक्ष घरों के ऊपर गिर गया जिसमें लगभग 4 घर क्षतिग्रस्त हो गए । गनीमत यह रही कि लोगों की नींद तुरंत खुल गई और सभी लोग घर से बाहर आ गए और देखा कि वृक्ष घर के ऊपर गिरा है , हालांकि इस प्राकृतिक आपदा से किसी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं हुई है लेकिन लोगो के घर क्षतिग्रस्त हो गए । इधर इसकी जानकारी के बाद हारम सरपंच प्रमिला सुराना व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना मौके से वार्ड न 6 पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया और राजस्व विभाग को भी इसकी सूचना दी जिसके मौके से राजस्व विभाग की टीम ने मुआयना किया । सरपंच प्रमिला सुराना ने बताया की जिन लोगो के घर क्षतिग्रस्त हुए है उनके लिए सारी व्यवस्थाएं हारम के पुराने छात्रावास में की जा रही है और



जल्द से जल्द पेड़ कटवाने के लिए फॉरेस्ट विभाग को भी सूचित किया गया है ।

### कोपरा नदी में बाढ़ से आने-जाने वाले लोगों को हो रही है परेशानी



**फरसगांव/कोपरा 21 जुलाई।** बड़े राजपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत कोपरा के नदी में अधिक बारिश होने की वजह से शुक्रवार दिन से आना-जाना बंद है जिसके चलते 28 से 30 गांव प्रभावित है एवं बहुत से आवश्यक काम रुका हुआ है नदी पार करने के लिए ना ही कोई सुविधा है और ना ही कोई रास्ता है जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि कोपरा पुल एकमात्र एक ऐसा पुल है जो यह रास्ता सीधा छत्तीसगढ़ से उड़ीसा को जोड़ती है इस रास्ते में उड़ीसा वाले एवं छत्तीसगढ़ वाले लोग उड़ीसा जाने के लिए आना-जाना करते हैं। अब बारिश के चलते नदी में भारी मात्रा में पानी आने की वजह से नदी उफान करने लगी है जिसके चलते दोनों साइड मार्ग अवरोधित हो गई है।

# मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर व हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 21 जुलाई।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में जिला सुकमा थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल-पहाड़ में नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की आ-सूचना पर शुक्रवार को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के नेतृत्व में जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी सूचना स्थल नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम तुमारगुट्टा, सिंगावरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे, कि अभियान के दौरान शनिवार के प्रातः लगभग 05ः30 बजे तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल - पहाड़ को सर्च करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही मे फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व भारी पड़ता देख नक्सली जंगल - पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गये । तद्पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर 01 अज्ञात पुरूष नक्सली का शव व शव के पास 01 नग भरमार बंदुक, 01 नग पिट्ठू, जिसमें 03 पैकेट बैटरी वायर लाल-काला लगा हुआ, 01 नग वाकी टाकी ( वायरलेस सेट), चार्जर 01 नग लाल - काला वायर लगा,



नक्सली पुलिस कर्मियों से सोड़ी नरसा पिता कन्ना निवासी दोरलापारा, सिंगावरम थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0)तथा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया कमांडर, घोषित ईनामी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पद के अनुरूप 1.00,000/- (एक लाख रूपये मात्र) एवं पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा 10,000 / ( दस हजार रूपये मात्र) के रूप में किया गया।उपरोक्त घटनाओं के अतिरिक्त मुठभेड़ में मारे गये नक्सली थाना जगरगुण्डा एवं चिंतलनार क्षेत्रों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक/आईईडी लगाना, मुख्य मार्गो को खोदकर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा - पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहा है।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 21 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय, नारायणपुर में आज जिले की वृहत जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का आयोजन जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा के आतिथ्य और भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम की अध्यक्षता में व वरिष्ठ भाजपा नेता मनिराम मानिकपुरी के विषेष आतिथ्य में संपन्न हुई। सभा का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री संदीप झा ने व आभार भाजपा जिलाउपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला प्रधान ने किया। वही शोक प्रस्ताव मंगडू नुरेटी ने किया।

बैठक में जिले के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रमुख रूप से, जिले में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में भरत मटियारा ने अपने संबोधन में संगठन के महत्व और एकजुटता पर बल दिया, साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर सदस्य को संगठन की मजबूती के लिए अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए। आगे उन्होंने ने पार्टी के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी और उनसे सक्रिय भागीदारी की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित



करते हुए कहा कि पार्टी की सफलता का मुख्य आधार उसकी जमीनी स्तर की कार्यशैली है। उन्होंने पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक सक्रिय रहने और जनता से सीधे संपर्क स्थापित करने की अपील की। उन्होंने आगामी चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा की और कहा कि पार्टी को हर हाल में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बैठक को भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभुनाथ देवांगन ने भी संबोधित करते हुए पार्टी की एकजुटता को ही उसकी असली ताकत बताया। बैठक में जिले के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती और जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा हुई और भविष्य की कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया।

### सर्व आदिवासी समाज गीदम ब्लॉक इकाई गठित, जितेंद्र वेट्टी बने अध्यक्ष



**गीदम 21 जुलाई।** आदिवासी भवन गीदम में शनिवार को सर्व आदिवासी समाज की बैठक आहूत हुई जिसमे गीदम ईकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । चुनाव प्रक्रिया में जिले से नियुक्त पर्यवेक्षक कोया समाज के जिला अध्यक्ष महादेव नेताम सर्व आदिवासी समाज के जिला महासचिव धीरज राणा जिले के सचिव बुधराम नाग संभागीय कर्मचारी प्रकोष्ठ से सुदरु नेताम वरिष्ठ मुंगडु कड़ती के दिशा निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ समाज के चुनाव प्रक्रिया के पूर्व ब्लॉक के सभी गांवों में जोनवार बैठक किया गया तथा सभी जोन से एक-एक प्रभारी मानोनित कर प्रक्रिया पूर्ण किया गया। ज्ञात हो की सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष में होता है इसी तारगम्य में नई कार्यकारिणी गठित करते हुए अध्यक्ष जितेन्द्र वेट्टी , उपाध्यक्ष रामनाथ पुजारी, रविन्द्र टीकम, बीजू राम कश्यप , अनिल वेको बलराम कश्यप, श्रीमती दिनेश्वरी मांझी को बनाया गया वही सचिव बलराम कश्यप , सह सचिव विशनाथ भारद्वाज, सत्यवान भास्कर तथा कोषाध्यक्ष सुदरु नेताम , जे आर नुरेठी, रवि प्रकाश ठाकुर तथा कार्यालय सचिव रामलाल नेताम, सचिव देवीचंद मंडावी व मीडिया प्रभारी जयदेव मरकाम सह मीडिया प्रभारी बोटी कोवासी, सलाहकार सुदरु कड़ती, सुदराम भास्कर , संगठन प्रमुख बालसिंग कोरसा, बल्ली राम लेकाम, जसवीर नेगी संगठन प्रभारी शैलेश अटामी,राकेश मंडावी सुखमन कश्यप , मुख्य प्रवक्ता भुनेशवर भारद्वाज, सुश्री अन्ती वेक को बनाया गया है।

# जिले में सक्रिय 5 नक्सलियों के ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 21 जुलाई।** जिला सुकमा में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके षोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सल संगठन में सक्रिय कुल 05 नक्सलियों क्रमशः (1) तेलम हुंगा पिता तेलम सोमा(दुलेड़ आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष)उम्र लगभग 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुलेड़ वंजामपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा (2) माड़वी हुंगा पिता नंदा(मोरपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य)उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी मोरपल्ली बण्डमरूम थाना चिंतलनार जिला सुकमा (3) मड़कम मुया पिता सप्पा (मुलेर पंचायत डीएकेएमएस सदस्य)उम्र लगभग



30 वर्ष जाति मुरिया निवासी मुलेर उकूरपारा थाना फुलबगड़ी जिला सुकमा (4) मड़कम भीमा पिता हुंगा (मुलेर पंचायत मिलिशिया सदस्य)उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी मुलेर रेंगापारा थाना फुलबगड़ी जिला सुकमा (5) सोड़ी देवा पिता स्व. जोगा (मुलेर पंचायत मिलिशिया सदस्य)उम्र लगभग 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी मुलेर उकूरपारा थाना फुलबगड़ी जिला सुकमा (छ0ग0) के द्वारा शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में अनानी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी 02 वाहिनी सीआरपीएफ एवं सपन चौधरी उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

### 23 जून से चलाया जा रहा था सफ़ाई अभियान

# समन्वित प्रयास और सतत सहयोग से डढ़िया तालाब अंततः जलकुंभी मुक्त हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जुलाई।** शहर की प्राचीन धरोहर डढ़िया तालाब को जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयास और सतत सहयोग से आज जलकुंभी से अंततः मुक्त करने में कामयाबी मिली है। लगभग चार सप्ताह तक लगातार चलाए गए सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और एन.जी.ओ. सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता से आज सफलता मिली।

सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद विधायक श्री आशाराम नेताम ने सफाई अभियान में लगे सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि आज सभी के समन्वित सहयोग से डढ़िया तालाब जलकुंभी मुक्त हुआ है। आगे भी इसी तरह शहर को स्वच्छ रखने और इसके विकास में भी सहभागिता देकर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहें। इस दौरान सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वालों को विधायक श्री नेताम, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले और कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



उल्लेखनीय है कि ऊपर नीचे रोड स्थित डढ़िया तालाब को जलकुंभी की सफाई के लिए 23 जून को अभियान शुरू किया गया था, जो लगातार चार सप्ताह तक चला। इस सफाई अभियान के 28वें एवं अंतिम दिन भी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका के सफाई कर्मी, नगर सैनिकों, सामाजिक संगठन और गैर सरकारी संगठनों के द्वारा एकजुट होकर सहयोग अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री एम कुमार, श्री अरुण कौशिक, श्री अविनाश नेगी, श्री मोहन सेनापति, श्री जयंत अठभैया, श्री अजय पप्पू मोटवानी, विजयलक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, उगेश्वरी उईके, टेश्वर जैन, संयोग साहू, धनेश यादव, अनूप शर्मा, राजगोपाल कोठारी, अशोक राठी, निर्मल माहेश्वरी, विरेन्द्र श्रीवास्तव, अमित चोपड़ा, चित्रलेखा जैन, सरिता यादव, रीना लारिया, ज्योत्सना गुप्ता, पद्मिनी साहू, रामप्यारी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**जगदलपुर 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । ग्राम पंचायत डिलमिली में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने लाखों रू. के विकास कार्यों का लोकापर्ण किया। उन्होंने क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए जसमस्याओं का निराकरण किया। अधिकारियों के निर्देश दिया कि आम जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरूस्त करते हुए इसके सुचारू संचालन के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को समय पर राशन मिल सके राशन दुकान का उद्घाटन करने पर ग्राम वासियों ने विधायक का अभार माना है। दरभा विकास खंड के ग्राम पंचायत भाटाकांदा में जर्जर स्कूल दिए। स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि लापरवाी बर्दास्त नहीं की जाएगी इस अवसर पर ग्रामवासी पंचायत सचिव मौजूद थे।

### समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एव अधिकारी कर्मचारियों की बैठक में आदिवासी दिवस मनाने की गई चर्चा



**सुकमा 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व आदिवासी समाज बड़ेराजपुर (विश्रामपुरी) दिनांक 13/07/2024 गोंडवाना भवन हरवेल विश्रामपुरी में सर्व आदिवासी समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एव अधिकारी कर्मचारियों की बैठक आहूत की गई थी । 9 अगस्त 2024 को सयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के बारे मे चर्चा गोंडवाना भवन विश्रामपुरी में 20/07/2024 शनिवार को सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक युवा प्रभाग का मनोनयन एवं 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के बारे में चर्चा सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार मरकाम के आदेश अनुसार रखा गया था। बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार मरकाम, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष - सोनसाय मरकाम, पूर्व विधायक (केशकाल)- सेवक राम नेताम, ब्लॉक सचिव - बिदेश राणा ,उपाध्यक्ष- उग्रेश कुंजाम,आसकरण ,अगरचद , संरक्षक - धनीराम मरकाम, मलोराम, लखमू , सहसचिव - तुलसीराम नेताम, कोषाध्यक्ष - दिलीप नेताम, प्रवक्ता संतुराम, सलाहकार- शंभूराम चांदेकर सीताराम मरकाम, संगठन प्रभारी दलसाय परस्ते , मीडिया प्रभारी - संतोष मरकाम , कैलाश मरकाम , कार्यकारिणी सदस्य साधु राम नेताम, माखन, देवलाल, जयलाल मरकाम परोड़ , जयलाल बलेंगा, मेघनाथ, पुरषोत्तम, महेंद्र,कारिया ,ब्लॉक युवा संगठन सलाहकार- सोमनाथ नेताम , कमलेश मरकाम संजू मरकाम सदस्य,और सभी पदाधिकारीगण,सदस्य उपस्तिथि थे।

### गीदम अस्पताल में हुए करोड़ों के काम की हो जांच- सुजीत सिंह



**गीदम 21 जुलाई।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम अस्पताल में दो-तीन दिन की बारिश से ही शनिवार को अस्पताल की फॉल्स सीलिंग गिर गई इस घटना से आसपास से गुजरने वाले लोग बाल-बाल बचे । सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां पर पिछले साल ही इसका काम हुआ था और एक बारिश में ही काम की पूरी पोल खुल गई । ऐसे में गीदम अस्पताल में हुए करोड़ों के काम अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। शनिवार को हुई इस घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुआ तब गीदम नगरवासी भी अस्पताल में हुए कामों पर अब सवाल उठाने लगे है । गीदम के व्यापारी संघ अध्यक्ष सुजीत सिंह ने अस्पताल में हुए करोड़ों रुपए के काम की जांच करने की मांग शासन-प्रशासन से की है । व्यापारी संघ अध्यक्ष ने इस मामले में कहा की शुरू से ही अस्पताल की जरूरी सुविधाओं , चिकित्सको व अन्य जरूरी कार्यो के लिए यहां के नगरवासी व व्यापारियो ने प्रमुखता से सक्रियता दिखाई है, गीदम ब्लॉक दंतेवाड़ा जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक माना जाता है जहां इस अस्पताल में कई गांव के लोग इस पर आश्रित रहते हैं इसलिए गीदम अस्पताल में शासन-प्रशासन से जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओ की मांग यहा के व्यापारियों द्वारा समय समय पर की जाती रही हैं ताकि लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए मिल सके, लेकिन काम ऐसा जो अब सवालों के घेरे में आ गए है इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए । इधर अस्पताल में हुए कार्यों की जानकारी के लिए गीदम बीएमओ से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा की वह अभी छुट्टी पर है इस मामले में कुछ भी नही कहेंगे । 0 इधर इस मामले में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा की गीदम अस्पताल में पिछले साल करोड़ों रुपए के काम हुए है एक साल भी नही हुआ और बारिश में ये हाल हो गया है , फॉल्स सीलिंग गिर रही है, इसकी जांच जरूर करवाई जायेगी ।

### तोकापाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**जगदलपुर 21 जुलाई।** जिले के विकासखंड तोकापाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जागरूकता व प्रचार-प्रसार हेतु विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिन्दुओं यथा सभी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर ग्रामीणों को जागरूक करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। वहीं 22 से 28 जुलाई 2024 तक मनाये जाने वाले शाला शिक्षा सप्ताह की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सम्बन्धित संकुल समन्वयक तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियमित तौर पर शामिल होकर गतिविधियां संचालित किये जाने कहा गया।

## एक नजर

### सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने परिसीमन के नाम पर वार्डों की अनैतिक कांट-छांट : विनोद चंद्राकर



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए सत्ताधारी नेताओं के ईशारे पर तुमगांव नगर पंचायत के सभी वार्डों को परिसीमन के नाम पर अनैतिक रूप से कांट-छांट किया गया है। इसके चलते भविष्य में स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जनता को होने वाली समस्याओं को दरकिनार कर स्वहित के लिए भाजपा नेताओं के ईशारे पर तुमगांव के सभी वार्ड की सीमाओं को कांट-छांट किया गया है। इससे तुमगांव के नागरिकों में आक्रोश नजर आ रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि परिसीमन में नियम कानून का खुला दुरुपयोग किया गया है। भाजपा को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से परिसीमन किया गया है। 2011 सर्वे के अनुसार परिसीमन किया जाना था। इसके तहत नियमानुसार किसी वार्ड की जनसंख्या को औसत से 10 प्रतिशत तक ही कम या ज्यादा किया जा सकता है। परंतु, कई वार्डों में इसका स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। तुमगांव के कई वार्डों की सीमाओं को अप्रासंगिक तरीके से निर्धारित किया गया है। वार्ड नं. 6 तथा 4 का जनसंख्या कम था, जिसमें इन वार्डों से लगे अन्य वार्डों के लोगों को जोड़ना था। लेकिन, 1 से 15 तक के सभी वार्डों को परिसीमन के नाम पर तहस-नहस कर दिया गया। नपं तुमगांव के अधिकांश वार्डों में कांग्रेस समर्थित पार्षद ही जीतते आए हैं, यहां भाजपा को शुरू से पराजय का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब कारणों से सरकार द्वारा भाजपा को लाभ पहुंचाने वार्ड की सीमाओं को कांट-छांट किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि परिसीमन के नाम पर जो कांट छांट किया गया है, उससे तुमगांव के आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। भाजपा के इस षड़यंत्र का जवाब तुमगांव के नागरिक आगामी नगरीय निकाय चुनाव में देगी।

### मिनीमाता महतारी जतन योजना से जिले की 8846 महिलाओं को मिला लाभ

महासमुंद, 21 जुलाई । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को सहायता देने के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से उन गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है, जो भवन निर्माण तथा असंगठित क्षेत्र में निर्माण कार्य में मजदूरी करती हैं या जिनके पति मजदूरी करते हैं। इस योजना से श्रमिक परिवारों में जच्चा और बच्चा की देखभाल अब आसान हो गई है। सरकार गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी के लिए 20 हजार रुपये की सहायता देती है।

महासमुंद जिले में मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत से अब तक 8846 हितग्राहियों को लाभ मिला है। जिसमें सुभाष नगर, महासमुंद की श्रीमती जागृति साहू को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। जागृति ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिक हैं। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग बच्चे के रहन-सहन और उचित देखभाल में किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मिनीमाता महतारी जतन योजना का लाभ लेने के लिए महिला श्रमिकों का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही को बच्चे के जन्म के 90 दिनों के भीतर श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, उत्तराधिकारी का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, शिशु के जन्म प्रमाण पत्र तथा मूल दस्तावेज के साथ श्रम विभाग, लोक सेवा केंद्र या वीएलई के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# ब्लैक स्पॉट्स पर मानकों के अनुरूप हो व्यवस्था:कलेक्टर





**रायगढ़, 21 जुलाई।** नेशनल हाईवे और दूसरी सड़कों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर पेंट स्ट्रिप, नेशनल हाईवे पर जहां स्टेट हाईवे या पीएमजीएसवाय की रोड आकर मिलती है वहां गति नियंत्रण के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करें। सुरक्षा की दृष्टि से लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म उपायों को अमल में लाते हुए उसकी मॉनिटरिंग करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कही। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री गोयल ने उद्योगों में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए पहुंची गाड़ियों को सड़क किनारे पार्किंग नहीं होने को लेकर लगातार निगरानी के लिए परिवहन और यातायात विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्योग प्रबंधन को इसको लेकर सचेत करें और उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही करें। यह यातायात व्यवस्था और सड़क व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा तारपोलिन ढंक कर गाड़ियों के परिचालन की जांच करने के लिए कहा। बारिश के दौरान भारी वाहनों के टेल लाइट पर कीचड लगने से उसकी विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है इससे भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अतः टेल लाइट की नियमित सफाई को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी अपने विभाग के अधीन वाली सड़कों और पुल-पुलिया को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। जहां सुधार की आवश्यकता है वहां तत्काल मरम्मत करें। कलेक्टर श्री गोयल ने सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित स्वास्थ्य सहायता मुहैय्या कराने को लेकर सीएमएचओ को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने पशुपालन विभाग को आवारा मवेशियों में रेडियम और टैगिंग की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को लगातार इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, सीएसपी श्री आकाश शुक्ला, ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, खरसिया एसडीएम प्रियंका वर्मा, रायगढ़ एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी श्री अमित प्रकाश कश्यप सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### हेलमेट को लेकर लोगों को सजग करने नवाचारी अभियान चलाने पर दिया जोर

दुपहिया चलाते समय हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट अभियान के बारे में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने जानकारी दी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसे लगातार जारी रखने की आवश्यकता है। आंकड़ों को देखें तो सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट पहने लोगों की मौत की संख्या अधिक होती है। इसलिए नवाचारी तरीके से लोगों को हेलमेट के लिए जागरूक किया जाए जिससे वे हेलमेट के उपयोग को लेकर लोग सजग हो सकें।

## गजेंद्र यादव को मंत्री सहित गौ सेवा आयोग व दुग्ध महासंघ का अध्यक्ष पद देने की मांग यादव समाज ने की

### निर्वाचन में 70प्रतिशत समाज के लोगों का भाजपा को मिला था समर्थन

**भाटापारा, 21 जुलाई।** सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने मंत्रिमंडल विस्तार में दुर्ग विधानसभा के युवा विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री बनाने की मांग की है साथ ही साथ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष सभी सदस्यों सहित अन्य निगम आयोग में समाज के लोगों को देने की मांग की है, उन्होंने कहा कि प्रदेश बने लगभग 20 साल से ऊपर हो गया है किंतु आज तक गो सेवा आयोग का अध्यक्ष व दुग्ध महासंघ का अध्यक्ष समाज के लोगों को नहीं दिया गया है जबकि सभी जानते हैं कि परंपरागत रूप से दुध, गाय का काम ज्यादा समाज को सनातन परंपरा से मिला हुआ है और गायों की सेवा और दुध के संबंध में आने वाली समस्याएं एवं अन्य की जानकारी जितना ज्यादा समझ रखते हैं उतना अन्य समाज के पास नहीं है, आने वाले समय में अगर यह दोनों आयोग समाज को मिले तो निश्चित थी सड़कों में दिख रहे गायों एवं दूध के बिक्री एवं इसमें आ रहे विभिन्न समस्याओं का समाज के लोगों के साथ बैठकर निराकरण आसानी से किया जा सकता है ,उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष मांग की जाती है किंतु शासन



द्वारा अब तक मांगों पर कभी कार्यवाही नहीं की गई है अब तो सरकार का डाटा भी कह रही है कि यादव समाज का प्रदेश में एक महत्वपूर्ण स्थान है और उन्हें अपने जनसंख्या के हिसाब से उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, शासन के जारी क्वांटिफायबल डाटा में पूरे प्रदेश में यादव समाज का 14त्न के साथ पिछड़ा वर्ग में दूसरे स्थान पर है किंतु सत्ता और संगठन में प्रतिशत के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है, इससे समाज छला हुआ महसूस कर रहे हैं, प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि आज यादव से प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसुदन यादव को छोड़कर देखे तो पूरे संगठन के प्रदेश पदाधिकारी ,जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री में कहीं पर भी यादव समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है, इस तरह विधानसभा चुनाव के पश्चात मंत्रिमंडल विस्तार में यादव समाज को स्थान नहीं दिया गया है और वर्तमान में मंत्रिमंडल विस्तार में भी कई प्रकार के चर्चाओं का दौर है जिसमें समाज को फिर छले जाने का डर बना हुआ है और विभिन्न तर्क देकर यादव समाज के विधायक को काट न दे ,इसके लिए उन्होंने सभी समाज से अपील की है कि अपने स्तर पर सभी लोग यह प्रयास करें कियादव समाज को मंत्रिमंडल में शामिल हो, इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी एक सीट देने की बात कही गए किंतु जब टिकट की घोषणा हुई तो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश दोनों स्थान पर यादव समाज को एक भी टिकट नहीं मिला जिससे समाज के लोगों में काफी निराशा है और यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी ने कहा कि लगातार एवं हमेशा ही यादव समाज बीजेपी को समर्थन कर रही है किंतु भाजपा के द्वारा प्रदेश में लगातार समाज को खारिज किया जा रहा है इस से समाज काफी निराशा है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 31 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**मोहला 21 जुलाई ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार तथा किसानों के फसल बीमा के लिए कृषि विभाग द्वारा जुलाई में सहकारी समिति स्तर पर शिविर एवं बीमा कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ग्राम स्तर पर फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा अऋणी कृषकों को मौसम एवं वर्षा को देखते हुए फसलों की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल होने एवं ऋणी कृषकों को आप्ट अकाउंट फॉर्म नहीं भरने की सलाह दि जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस बिहार से पकड़ कर ले आई

**भिलाई, 21 जुलाई।** भिलाई नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बिहार जाकर भिलाई नगर पुलिस की टीम ने धरदबोचा है। मामले में प्रार्थिया के साथ आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर संबंध बनाया फिर जब वह गर्भवती हो गई तो छोड़कर बिहार भाग गया था। मामला आईजी रामगोपाल गर्ग के संज्ञान में आने पर उन्होंने एसपी जितेन्द्र शुक्ला को निर्देश दिया। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भिलाई नगर पुलिस की एक टीम बिहार भेजी गई थी।

भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रोहन शर्मा पिता बृजेश शर्मा (19 साल) के खिलाफ भिलाई नगर थाने में दुष्कर्म की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज है। एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के बाद वह अपने गांव गौरी थाना दरौली, जिला सिवान, बिहार चला गया था और वहीं छिपा हुआ थामामले दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग ने संज्ञान लिया। उन्होंने एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला को एक टीम बिहार भेजने के निर्देश दिए। एसपी दुर्ग ने भिलाई नगर थाने से एक टीम को बिहार भेजा भिलाई नगर थाने से एएसआई राजेश मणी प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह और दो आरक्षक अमित वर्मा व अनिल सिंह के साथ बिहार पहुंचे। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी रोहन शर्मा को सिवान पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया जानकारी के मुताबिक रोहन शर्मा दुर्ग में बी फार्मा की पढ़ाई करने आया था। यहां तालपुरी एरिया में कहीं कमरा लेकर रहता था। उसी के साथ पढ़ने वाली एक लड़की को उसने अपने प्यार के जाल में फंसाया। इसके बाद शादी का वादा करके दुष्कर्म किया। लड़की के साथ लगातार संबंध में रहा, जब गर्भवती हो गई तो वो उसे छोड़कर भाग गया।आरोपी को लाते समय पेड़ से टकराई कार दुष्कर्म के आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर दुर्ग लौट रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी बिहार के सिवान जिले में बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में गाड़ी के एयर बैग खुल गए। भिलाई नगर थाने के एएसआई राजेश मणि को चोट आई। पास के अस्पताल में इलाज कराया और आरोपी को लेकर दुर्ग पहुंचे। बताते हैं 17 जुलाई को आरोपी रिमांड में लेकर इनोवा कार से निकले थे। वे लोग जैसे ही रात करीब सवा 12 बजे बिहार सिवान और आरा के बीच पहुंचे अचानक उनके सामने एक ट्रक आ गया। उन लोगों ने गाड़ी काटी तो मौसम खराब होने से उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी तेज थी कि गाड़ी के एयर बैग खुल गए और सामने बैठे एएसआई राजेश मणि और ड्राइवर को एयर बैग के झटके से चोट आई फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण

**मोहला 21 जुलाई ।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियंता के साथ आपातकाल बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को सखूत निर्देश देते हुए क्षतिग्रस्त मार्ग को मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय हो कि कोतरी नदी पर निर्माणाधीन पुल के डायवर्सन मार्ग भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते आंशिक रुप से आवागमन बाधित हुआ है। कलेक्टर ने इससे उत्पन्न समस्या को बेहद गंभीरता से लेते हुए क्षतिग्रस्त को मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार कोरकोट्टी के पास निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है।

## लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति के बीच प्रशासन का मैदानी अमला सक्रिय

**बीजापुर,21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर मे लगातार बारिश के होने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देश मे सभी एसडीएम, तहसीलदार बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखे हुऐ है वही मैदानी स्तर पर पटवारी, कोटवार, सचिव सक्रियतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। नदी नाला उफान पर होने से ग्रामीणों को नदी नाला पार नही करने सूचना बोर्ड लगाया गया है एवं स्थानीय अमला भी सक्रियतापूर्वक मौजूद है।भैरमगढ एवं जांगला में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बाधित होने पर गाडियों की आवा-जाही बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई थी फिलहाल स्थिति सामान्य है एवं आवागमन शुरू हो गया है। वही भैरमगढ के इतामपारा कन्या आश्रम में पानी भरने के कारण 80 छात्राओ को सुरक्षित अन्य स्थान नए भवन में पहुंचाया गया है। 3-4 कच्चे मकान बाढ़ से क्षति होने के कारण वहॉ के परिवारों को राहत भवन में शिफ्ट किया गया जहां उन्हें खाने-पीने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।बासागुड़ा पोटाकेबिन के बच्चों को सारकेगुडा छात्रावास में शिफ्ट किया गया है।वहीं भोपालपटनम के पेगडापल्ली पोटाकेबिन के 120 बच्चे नवीन पोटाकेबिन बालक सांड्रापल्ली मे शिफ्ट कराया गया है।जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन हेतु जिला एवं बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर बाढ़ नियंत्रण कक्ष नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बीजापुर 9165999716, श्री विकास सर्वे डिप्टी कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैरमगढ़ 9305418893, श्री यशवंत नाग डिप्टी कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भोपालपटनम 9329781207, श्री भुपेन्द्र कुमार गांवरे डिप्टी कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उसूर 9584603977, श्री दुकालू राम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर 9343325429, श्री मोहन लाल साहू नायब तहसीलदार भैरमगढ़/कुटरू 8966850356, श्री सुर्यकान्त धरत नायब तहसीलदार भोपालपटनम (अतिरिक्त प्रभार)/ नायब तहसीलदार उसूर 9479108608 एवं श्री लाकेश कुमार ठाकुर नायब तहसीलदार गंगालूर 9971396872 को नियुक्त किया गया है। जन साधारण उक्त अधिकारी से उनके मोबाईल नम्बर एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर पर बाढ़ की स्थिति तथा बचाव एवं राहत के लिए संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह नगरसेना के टीम को सूचित करने के लिए जिला नगर सेनानी श्री नरसिंह नेताम मोबाईल नंबर 9399263099 एवं प्लाटून कमांडर श्री निर्मल साहू मोबाईल नंबर 8319688397 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पीएचई कि टीम तारलागुडा पोटा केबिनों के हैंडपंपों कि जांच करने पहुंची





**भोपालपटनम,21 जुलाई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोपालपटनम रेसिडेंशियल कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन और बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन व आरएमएसए बालक/बालिका पोटाकेबिन के सैकड़ो बच्चे दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं।खबर लगने के बाद भोपालपटनम पीएचई कि टीम तारलागुडा के पोटाकेबिनो कि जाँच कर पानी कि सत्यता जानी हैं। बीआर बंजारे पीएचई उपअभियंता नें बताया कि जाँच मे पाया कि आश्रमो मे लगे बोरिंग का पानी ख़राब हैं यह आईरन कि मात्र अधिक हैं वह पीने योग्य नहीं हैं इसके लिए पोटाकेबिन के अधीक्षकों को बताया गया हैं यह का पानी पीने का उपयोग नहीं करें कपड़ा धोने नहाने व अन्य काम मे उपयोग कर सकते हैं अभी फिलहाल पुलिस थाने से पानी लेकर पीने का उपयोग किया जा रहा हैं। ज्ञात हो कि पोटाकेबिन तारलागुडा मे फ़िल्टर प्लांट लगा हुआ हैं लेकिन वह 1 साल से ख़राब पड़ा हुआ हैं उसे सुधार नहीं किया जा रहा हैं। कन्या पोटाकेबिन, बालक पोटाकेबिन, आरएमएसए बालक और बालिका में लगभग पांच सौ से अधिक बच्चे रहते हैं। बीआर बंजारे नें बताया कि वह लगे पोरिंग के पानी मे 1.5 पीपीएम आईरन कि मात्र हैं जो अधिक हैं उस बोरिंग मे फ़िल्टर प्लांट लगाकर पानी को शुद्ध किया जा सकता हैं लेकिन अभी कि स्तिथि मे पीने लायक नहीं हैं अधीक्षक के कहने पर उन बोरिंगो को बंद नहीं किया गया हैं उसे बाहरी उपयोग करने को कहा गया हैं।

## नगर पंचायत भोपालपटनम के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध



**भोपालपटनम,21 जुलाई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लंबित वेतन भुगतान को लेकर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के द्वारा चरणबद्ध हड़ताल किया जा रहा है इसी कड़ी में शुक्रवार को भोपालपटनम नगर पालिका में संघ के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में हमेशा की तरह अभी भी कर्मचारियों के वेतन की समस्या बनी हुई है और वेतन भुगतान हेतु अभी भी लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इसके लिए ना तो शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है और ना ही ही नगरीय निकायों द्वारा प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया जा रहा है ।जिसके कारण निकार्यों के नियमित एवं प्लसेमेंट कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है।कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आर्कषण हेतु शुक्रवार को समस्त नगरीय निकायों के कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया।

## सरहदी इलाके में मारे गये माओवादी की हुई शिनाख्त





**बीजापुर,21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुठभेड़ में मारा गया माओवादी 03 लाख का ईनामी प्लाटून नम्बर 02 सेक्शन बी कमांडर बामन मड़काम उम्र 25 वर्ष निवास पंगुड़ थाना मोदकपाल, जिला बीजापुर प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय था ।मौके से 01 पुरूष माओवादी का शव एवं 01 नग कार्बाइन, ग्रेनेड, माओवादी वर्दी, पिटठू एवं माओवादी साहित्य एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया है । छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र में जिला बीजापुर - जिला मुडगू के सरहदी ईलाका में तेलंगाना ग्रेहाउण्डस बल एवं बीजापुर डीआरजी बल द्वारा नक्सल विरोधी अभियान दिनांक 18.07.2024 से संचालित किया गया था । अभियान के दौरान दिनांक 19.07.2024 को सुबह थाना ईलमिड़ी अंतर्गत सेमलडोडी के जंगल क्षेत्र में सुरक्षा बल एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर घटना स्थल से 01 पुरूष माओवादी का शव एवं 01 नग कार्बाइन मय मेग्जीन, ग्रेनेड, बैटरी, माओवादी वर्दी, पिटठू, माओवादी साहित्य, सोलर प्लेट, दवाईया, बर्तन एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया है । मुठभेड़ में मारे गये माओवादी की पहचान नेशनल पार्क एरिया कमेटी मे सक्रिय माओवादी बामन मड़काम उम्र 25 वर्ष निवासी पंगुड़ थाना मोदकपाल जिला बीजापुर के रूप में हुई है । माओवादी बामन मड़काम विभिन्न माओवादी घटना में शामिल था एवं इसके विरूद्ध जिला बीजापुर में 02 अपराध पंजीबद्ध है ।

# योजनाओं के क्रियान्वयन का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से करें पूरा:रामविचार नेताम

**रायगढ़, 21 जुलाई।** प्रदेश के कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के साथ बैठक लेकर रायगढ़ जिले में विभागीय काम काज की मैराथन समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे समर्पण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ किया जाए। कामों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना है, अधिकारी अपने काम की स्पीड बढ़ाएं। वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने कहा कि सभी विभागों में विभागीय योजना के साथ ही रायगढ़ के विकास के लिए जो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहे हैं, इसके क्रियान्वयन में विभागीय अधिकारियों की भूमिका होगी। अतः सभी विभागों में जिला अधिकारी से लेकर मैदानी अमले तक सभी पूरी दक्षता के साथ अच्छा काम करें जिससे फील्ड में रिजल्ट दिखना चाहिए। काम काज की लगातार मॉनिटरिंग की जायेगी। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, विधायक खरसिया श्री उमेश पटेल, विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने वन विभाग के समीक्षा के दौरान कहा कि पौध रोपण करना ही नहीं बल्कि जीवित रखना भी आवश्यक है। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने पीपल फॉर पीपुल अभियान में पौधों के वृक्षारोपण को लेकर जानकारी ली और इसे प्लानिंग के साथ जिले के अलग-अलग स्थानों में तालाबों, नदी किनारे, गार्डन जैसी जगहों पर पीपल के पेड़ लगाने के निर्देश दिए। जिससे इस अभियान का



लाभ पूरे जिले को मिल सके। साथ ही डीएफओ रायगढ़ को नगर वन उर्दना को विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पौधों की प्रजाति चयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान न हो। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने जंगलों में आगजनी रोकने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वनों में अतिक्रमण एवं आगजनी करने वालों पर पुलिस विभाग की सहायता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि नक्शा बटांकन पर जिले में विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। पिछले 6 माह में एक प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने आदिम जाति विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन अधिकार पत्र धारकों एवं सामुदायिक वन अधिकार के भौतिक सत्यापन एवं परियोजन के निरीक्षण के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने प्रयास विद्यालय के लिए भूमि के चिन्हांकन के साथ छर्राटांगर में शिफ्ट हो रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने पीडब्ल्यूडी को निर्धारित समयावधि मुआवजा वितरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों के लिए भूअर्जित जमीनों को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने सीएमएचओ को संस्थागत प्रसव पर फोकस करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों की जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि केलो डैम के साथ अन्य परियोजनाओं के स्वीकृत कार्यों के लिए टेंडर इत्यादि की प्रक्रिया पूरी कर लें जिससे बारिश के बाद काम प्रारंभ किया जा सके। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सेतु विभाग को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पुल-पुलिया के रख रखाव को लेकर नियमित मॉनिटरिंग हो। जहां समस्या हो सकती है उसके समाधान के लिए पहले से तैयारी रखें। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने खाद्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में राशन कार्ड है ऐसे स्थानों में शासण्उचित मूल्य की दुकान अलग कर दिया जाए ताकि जनसामान्य को राहत मिले। इसके साथ ही जहां पर स्वयं का भवन नहीं है उसका स्टीमेट तैयार करें। उन्होंने पशुपालन एवं मछली पालन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि पशुधन की सुरक्षा आवश्यक है इसके साथ ही दुग्ध उत्पादन पर विभाग फोकस करें। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने पशुपालन विभाग को चाराबीज वितरण करने के निर्देश दिए। जिससे पशुओं को उचित आहार प्राप्त हो सके। इसी प्रकार वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मछली पालन के संभावनाओं को देखते हुए चांदमारी मत्स्य प्रक्षेत्र का उन्नयन करते हुए उसे मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को भी मछली पालन हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निराकरण में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर काम करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया।

# बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने जिला परियोजना अधिकारी ने शालाओं का निरीक्षण किया







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 21 जुलाई।** बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता के परीक्षण हेतु सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह द्वारा नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया गया। सिंह द्वारा बच्चों के दर्ज संख्या, नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। सभी कक्षाओं के बैठक व्यवस्था, गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, पढ़ाई की स्थिति, सभी विषयों में बच्चों की गुणवत्ता स्तर का जांच किया। उन्होंने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय संबंधित सवाल पूछे जिस पर बच्चों ने रोचक जवाब दिया। शाला परिसर के रखरखाव, शाला भवन मरम्मत कार्य, स्वच्छता, साफ सफाई का आकलन किये।शाला विकास समिति गठन, लिए गए बैठक एवं वार्षिक कार्ययोजना, बाल संसद गठन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, किचन गार्डन आदि का सघन निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। बैगलेस डे में हो रहे विविध गतिविधियों विशेष कर योग, व्यायाम, अभिरुचि अंतर्गत क्रियाकलापों की तारीफ किए। नवा जतन अंतर्गत हो रहे मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक निर्भय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मदन लाल सेन, मुरारी राम देवांगन, उमेश कुमार ढीढी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, तरूण साहू, पीली बाई उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कोसा, कॉटन व हाथकरघा वस्त्रों के प्रदर्शनी सह-विक्रय को मिल रहा है अच्छा प्रतिसाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- 3 दिनों में ही 3 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की हुई बिक्री
- 22 जुलाई तक जारी रहेगा मेला, दी जा रही है विशेष छूट

**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग हाथकरघा बलौदाबाजार भाटापारा के सौजन्य से जिला मुख्यालय में भव्य प्रदर्शनी सह-विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। जिसे आम जनता द्वारा काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रदर्शनी सह-विक्रय में अभी तक 3 दिनों में ही 3 लाख 56 हजार 742 रूपये की बिक्री की जा चुकी है। खरीददारी करने आयी बलौदाबाजार निवासी स्मृति चंद्राकर ने बताया की मैं इस प्रदर्शनी सह-विक्रय का हर साल इंतजार करती हु आज मैने यहां से चादर, टावेल और साड़ी की खरीदी की हु।

यहां के चादर और साड़ी मुझे बहुत ही पसंद है। इसी तरह सुरेश प्रजापति ने बताया की हर साल मैं इस मेले का इंतजार करता हु मैने आज चादर, टावेल और पत्नी के लिए साड़ी खरीदी हु. बलौदाबाजार निवासी शासकीय कर्मचारी श्रीमति अमिता वर्मा ने बताया की मैं भी हर साल यहां से कोसा एवं सिल्क की साड़ी एवं शूट खरीदती हूं। उक्त प्रदर्शनी में छतीसगढ़ का सुप्रसिद्ध कोसा, कॉटन हथकरघा वस्त्रो का विशाल रेंज उपलब्ध है.यह प्रदर्शनी बलौदाबाजार शहर के मध्य स्थित पं.बाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका गॉर्डन चौक में लगाई गई है। उक्त प्रदर्शनी 22 जुलाई 2024 तक चलेगा। जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक यह प्रदर्शनी खुला रहता है। इस प्रदर्शनी के विशेष आर्कषक के रूप में महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा सम्मानित छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरों द्वारा हाथों से निर्मित वस्त्रों का प्रर्दशन कर विक्रय किया जायेगा। इसके लिए 15 स्टॉलों को सजाया गया है। इस मेले में उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़िया, कोसा मलमल, कोसाड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता, सूती साड़िया शर्टिंग, बेड शीट, पिलो कवर, टॉवेल नेपकिन गमछा इत्यादि एक ही जगह मिल रहा है। बिक्री को बढ़ाने हेतु वस्त्रों आदि सभी उत्पादों के खरीदी में में लोगो को 20 प्रतिशत विशेष का छूट भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी जिलावासियों से आग्रह किया है कि इस मेला का लाभ लेवे और अधिक से अधिक उत्पादों का क्रय कर हाथकरघा को बढ़ावा दिया जा सके. गौरतलब है की 16 जुलाई को प्रदर्शनी सह-विक्रय का शुभारंभ राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के द्वारा किया गया था।

## एक नजर

### 3 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 21 जलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 20 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर ऋषिकेश भोई, चैतराम जोशी, आरक्षक देव निराला, मोहन मेश्राम, मेघनाथ साहू, अंजूला पैकरा एवं पेट्रोलिंग के अन्य स्टाफद्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 13 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जुमला किमती 2600 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 483/2024, 484/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों के नाम रामु उम्र 63 साल निवासी ग्राम नयापारा डमरू थाना सिटी कोतवाली, किशुन प्रसाद उम्र 48 साल निवासी ग्राम नयापारा डमरू थाना सिटी कोतवाली है।

### खाद्य, औषधि और पुलिस प्रशासन को नशीली दवाइयों के खिलाफ साझा कार्रवाई के निर्देश

**बलौदाबाजार, 21 जलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सोनी ने जिले में नशीली दवाओं के खिलाफऔषधि एवं पुलिस प्रशासन को मिलकर कर्रवाई करने की निर्देश दिए है साथ ही ढाबों में शराब बेचने की गंभीर शिकायते प्राप्त हुई इस पर कलेक्टर ने आबकारी एवं पुलिस को सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए है। बैठक के दौरान डीएम ने जिले भर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार को खत्म करने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। बैठक के दौरान लिए गए प्रमुख निर्णयों में से एक स्कूलों और कॉलेजों आसपास कोटापा के तहत कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग में फंसे व्यक्तियों की पहचान कर उनको नशे से बचाने नशा मुक्ति केंद्र का सतत उपयोग पर जोर दिया गया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सभी एसडीएम अमित गुप्ता,राम रतन दुबे,नितीन तिवारी, अंशुल वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी गायकवाड़, सीएमएचओ डॉ एमपी महिस्वर,डीपीएम सृष्टि मिश्रा,समाज कल्याण विभाग उपसंचालक अरविंद गेडाम, ड्रग इंस्पेक्टर नीलिमा ठाकुर उपस्थित रहे।

### भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड की त्रुटियों को सुधारेंगे तहसीलदार

**बलौदाबाजार, 21 जलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य के भू-स्वामियों को पटवारी रिकार्ड में त्रुटियों में सुधार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा की पहल पर राजस्व विभाग ने भू-स्वामियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अब पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को अधिकृत किया है। पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड के त्रुटियों को निराकृत करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के अभ्यावेदन पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी और इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ राज पत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 24 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को भूमि स्वामी उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करने अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व रिकार्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना, भूमि के एक फसली तथा बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करने के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।

#### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने 103 स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को दी गई यातायात नियमों, साइबर अपराध बाल सुरक्षा अधिनियम व कानून की विस्तृत जानकारी

- बच्चों को नए कानून के विषय एवं उसमें निहित प्रावधानों एवं उनकी प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी
- कार्यक्रम में सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों एवं विवेचना अधिकारियों ने भी की हिस्सेदारी
- 3 राजपत्रित पुलिस अधिकारियों सहित 167 पुलिस स्टाफ की टीम ने सफलता पूर्वक किया कार्यक्रम का आयोजन
- प्रत्येक थाना व चौकी में स्थित शिक्षण संस्थानों में पुलिस बल द्वारा सदैव सजग एवं जागरूक रहकर, नियमों का पालन करने के लिए दी गई समझाइश
- स्कूली बच्चे पुलिस को अपने पास पाकर हुए अत्यंत खुश, खूब चला पुलिस एवं बच्चों के मध्य प्रश्न पूछने एवं सवाल-जवाब का दौर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** 21 जुलाई को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले के प्रत्येक थाना, चौकी में स्थित स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा जिले में पहली बार एक साथ, एक ही दिन में 103 स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस की अलग-अलग टीमें क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्कूल, कॉलेज आदि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान संपूर्ण जिले में 03 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 04 उपनिरीक्षक, 23 सहायक उप निरीक्षक, 53 प्रधान आरक्षक, 65 आरक्षक एवं 07 महिला आरक्षक सहित 167 की संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को नए कानून के विषय के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि दिनांक 01.07.2024 को भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया गया है। बच्चों को नए कानून में प्रक्रिया, अधिनियम, प्रथम सूचना दर्ज करने के तरीकों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम में साइबर अपराध, बाल सुरक्षा एवं बाल अधिकारों के संबंध में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। स्कूली बच्चों को गुड टच बैड टच, बाल एवं महिला संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर, नव एवं सभ्य समाज के सृजन में स्कूली बच्चों के अहम योगदान के बारे में बतलाया गया।

बच्चों में प्रारंभ से एवं स्कूल के समय से ही यातायात नियमों की जानकारी होना एवं नियमों का पालन करने की भावना होना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम में बच्चों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा यह बताया गया कि सुरक्षित परिवहन के लिए आखिर यातायात नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है, स्कूली बच्चे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने पालकों एवं रिश्तेदारों को भी सदैव नियमों का करने हेतु समझाइस दे।

इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में सभी स्कूल के बच्चे पुलिस को अपने बीच पाकर अत्यंत खुश एवं प्रसन्न हुए। साथ ही उन्होंने कैरियर गाइडेंस, पुलिस के काम करने के तरीकों आदि के संबंध में भरपूर प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को प्रकट किया। कई बच्चों द्वारा बड़े होकर पुलिस एवं सेना में भर्ती होने की इच्छा प्रकट कर, इसके संबंध में आवश्यक जानकारी पूछा गया, जिसमें उपस्थित पुलिस टीम द्वारा बहुत ही सहजता पूर्वक उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### डीके कॉलेज में अतिथि व्याख्याता के लिए आवेदन 26 जुलाई तक



**बलौदाबाजार, 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता एवं क्रीड़ा अधिकारी हेतु आवेदन 26 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किये गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज शास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, कम्प्यूटर साईंस विषय में एक -एक अतिथि व्याख्याता एवं एक अतिथि क्रीड़ा अधिकारी कुल 8 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दास्तावेज के साथ आवेदन 26 जुलाई 2024 कों सायं 5:30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइ gdkcbalodabazar.ac.in से प्राप्त किया जा सकता है।

### ओवरलोड वाहनों से वसूला गया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में 18 जुलाई को यातायात पुलिस द्वारा चलाकर सड़क मार्ग में चल रहे ओवरलोड वाहनों एवं बिना परमिट के बस चालान करने वाले बस चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया गया है। ओवरलोड वाहनों के सड़क मार्ग में चलने से सड़क दुर्घटना की संभावना काफी बढ़ जाती है तथा इससे सड़क मार्ग को भी काफी नुकसान पहुंचता है। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए कल 18 जुलाई को यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए कुल 04 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 70, 000 समन शुल्क वसूला गया है। कार्रवाई के इसी क्रम में जिले में बिना परमिट के यात्री बस का संचालन करते हुए पकड़े जाने पर 01 बस चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 6000 समन शुल्क वसूला गया है। इस प्रकार यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहन एवं बिना परमिट के बस चालान करने वाले कुल 05 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर कल 76, 000 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

### यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले 100 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम मे दिनांक 17.07.2024 को यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर प्रेशर हार्न का उपयोग कर एवं मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर अत्यंत तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों सहित यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 100 वाहन चालको से ?50, 900 समन शुल्क वसूल किया गया है। कार्यवाही में एक वाहन चालक को मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर आवाज निकालते हुए अत्यंत तेज गति से वाहन चलाते हुए पकड़ा गया है। पुलिस द्वारा मौके पर ही उक्त वाहन चालक के विरुद्ध कार्यवाही कर दोपहिया वाहन से मॉडिफाई साइलेंसर को निकाला भी गया है दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामले में 27 वाहन चालकों से 8100 समन शुल्क किया गया प्रेशर हॉर्न का उपयोग करते हुए तेज गति से वाहन चलाने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?6000 समन शुल्क वसूल किया गया है। मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर, आवाज निकालते हुए अत्यंत तेज गति से वाहन चलाने वाले 01 वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई कर ?5000 समन शुल्क वसूल किया गया यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य 43 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?31, 800 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

#### रसेड़ा में आयोजित हुआ पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

# शिविर में हुआ समस्या व शिकायतों का समाधान, 186 में से 136 आवेदनों का तत्काल निराकरण

- छोटे-छोटे कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरों का न लगाने पड़े चक्कर, शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले लाभ ।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेड़ा में पहले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन गांव के हाई स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 186 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 136 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 50 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को अरहर बीज, 5 को उड़द बीज, 5 मृदा स्वास्थ्य पत्रक, 5 को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स, 1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड, 3 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 आयुष्मान कार्ड, 3 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 व्हील चेयर, 3 बैशाखी एवं 2 छड़ी बुजुर्गो को प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, धनेश्वरी यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वर्मा, गांव के सरपंच कृपाण साहू, पूर्व सरपंच रसेड़ी सेवक राम साहू, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।



कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरो के चक्कर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके.

इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव संबधित जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी.कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई.जैसे कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं का बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद-बीजों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 24 नए फर्म भरे गए व 9 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया, शिविर में ग्रामीणों की सिकलसेल 25 जांच किये व 3 सिकल सेल कार्डों का वितरण त्वरित किया गया। इसी तरह आयुर्वेद विभाग द्वारा काढ़ा का वितरण भी किया गया।

## एक नजर

### भैरव सोसायटी में चातुर्मास व गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया



**रायपुर, 21 जुलाई।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य मणिप्रभ सूरि द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में 20 जुलाई से चातुर्मास आरम्भ होगा जो कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः 6 बजे परमात्मा की स्नात्र पूजा, नवांगी पूजा, सन्ध्या 6 . 30 बजे आरती व पश्चात प्रतिक्रमण होगा। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि 5 अगस्त से 25 अगस्त तक 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप महोत्सव होगा। 31 अगस्त से 7 सितम्बर तक पर्युषण महापर्व सम्पन्न होगा। 21 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर 31 परिवारों द्वारा दादागुरुदेव की बड़ी पूजा का आयोजन रखा गया है। जिसके विधिकारक विमल गोलछा हैं।

### 'विशबॉक्स' फाईनेंशल कैम्पेन शुरू

**रायपुर, 21 जुलाई।** विशबॉक्स में मर्सिडीज़-बेंज के ग्राहकों को अनेक अनुकूलित इनोवेटिव ओनरशिप समाधान प्राप्त होते हैं। मर्सिडीज़ बेंज फाईनेंशल सर्विसेज़ द्वारा भारतीय ग्राहकों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए दशकों से इनोवेटिव फाईनेंशल उत्पाद प्रदान किए जा रहे हैं। इस साल हम लोकप्रिय फाईनेंशल समाधान 'विशबॉक्स' लेकर आए हैं, जो हर ग्राहक की जरूरत के अनुरूप व्यक्तिगत फाईनेंशल समाधान प्रदान करेगा। यह प्रोग्राम ग्राहकों की जरूरत के बारे में हमारी समझ और मर्सिडीज़-बेंज खरीदने की उनकी इच्छा पूरी करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। विशबॉक्स द्वारा बाजार में उपलब्ध मौजूदा एजिलिटी और 'स्टार फाईनेंस' उत्पादों के अलावा अनेक वित्तीय समाधान पेश किए जाते हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



**रायपुर, 21 जुलाई।** राजधानी के अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. यह शिविर हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के द्वारा लगाया गया है. इस ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया. मीडिया से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के सभी सदस्यों को मैं बधाई देता हूं. इस शिविर के माध्यम से सैंकड़ों लोग की जान बचाने हमको मदद मिलेगी. हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के परिवार को बहुत-बहुत बधाई. इसके साथ ही मंत्री जायसवाल ने लोगों से अपील की है की ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें.

### धार्मिक यात्रा से समाज में समरसता की भावना जागृत होती है : बजाज



**रायपुर, 21 जुलाई।** झेरिया यादव समाज के तीर्थयात्रियों का जत्था 20 जुलाई को अभनपुर से धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ। घसियाराम यादव एवं भेदराम यादव के नेतृत्व में शिवरीनारायण, चंद्रहासिनी आदि तीर्थ क्षेत्रो का दर्शन करेंगें तथा जांजगीर-चांपा में आयोजित यादव समाज के प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने सभी पदाधिकारियों का गमछा भेंट कर स्वागत किया तथा रवाना किया। इस अवसर पर बजाज ने कहा कि धार्मिक यात्रा से समाज मे समरसता की भावना जागृत होती है। ऐसी यात्राएं निरंतर होती रहनी चाहिए।

# आसान नहीं है अतीत को भी भुलाना... कुरेदता रहता है जख्मों को क्यों जमाना...




जब कांग्रेस आपातकाल के लिए कई बार माफी मांग चुकी है, तो फिर 'संविधान हत्या दिवस ' मनाने के निर्णय का क्या औचित्य है ज? पहले लोकसभा में निंदा प्रस्ताव, फिर राष्ट्रपति के अभिभाषण में आपात काल का उल्लेख किया गया था। जाहिर है यह सिर्फ द्वेषपूर्ण राजनीति है। अनैतिकता इसके मूल में है। आपातकाल के बाद जनता ने इंदिरा को बाहर कारास्ता दिखाया तो उनकी माफी को पश्चाताप के बाद गले भी लगाया। यदि 1975 में आपातकाल नहीं लगा होता तो शायद देश को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ताज! आपात काल का विरोध करने वाले असहमत हो सकते हैंज, लेकिन उस समय की परिस्थितियों पर गौर करें द्ध आपातकाल के नायक जेपी ने दिल्ली की विशाल जनसभा में पुलिस बलों का आव्हान किया था कि सरकारी आदेशों/निर्देशों को मानने से इंकार कर दें, यदि आपातकाल लगाकर गिरफ्तारियां न की जाती..? सशस्त्र बल यदि सरकार के निर्देशों को जेपी (जय प्रकाश)के आव्हान के अनुरूप मानने से इंकार कर देता (उस समय जेपी की लोकप्रियता और उनके विराट व्यक्तित्व को देख जिसकी संभावना से इँकार नहीं किया जा सकता था) तो देश कितनी अराजकता के बीच होता,क्या इसका अनुचित लाभ कुछ ही दिनों पूर्व में पराजित, पाकिस्तान,अमेरिका तथा चीन जैसे देश नहीं उठाते ..? क्या जेपी, दूसरे नेता इस स्थिति को नियंत्रित कर सकते थे आज सरकार में बैठे लोग आपातकाल को कोस रहे हैं यदि उनके खिलाफ कोई उस तरह का विद्रोह करे तो खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाएंगे ज? आज तो सोशल मीडिया पर इनके खिलाफ एक कमेन्ट भी कोई कर दे तो उसे बंदी बनाया जा रहा है! आपात काल पर अपनी बाहें चढ़ाने वाले नेता जो आज उसी के लिए पेंशन ले रहे हैं क्यों ? वर्तमान सरकार के खिलाफ जेपी की तरह का विद्रोह कर अपने को जेलों से बाहर पा सकते हैं ज? वैसे उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए की जनता ने चन्द महीनों में इंदिरा को वापस लाकर एक तरह से आपातकाल के औचित्य को स्वीकार कर लिया था! आपातकाल का निष्पक्ष मूल्यांकन करते विनोबाजी ने भी उसे अनुशासन पर्व भी कहा था।

### 'विष्णु' शेषनाग की शैया पर...

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय अभी तक के सभी मुख्यमंत्रियों में सबसे सीधे और सरल माने जाते हैं,पर आम लोगों से उनकी मुलाक़ात नहीं हो पाती है, तभी तो जनदर्शन में भीड़ उमड़ती है। पहले सीएम अजीत जोगी तो राजनीति में आने के पहले नौकरशाह रह चुके थे, डॉ रमन सिँह के पास सलाहकारों की अच्छी टीम थी तो भूपेश बघेल नौकरशाहों,अपने कुछ मित्रों की सलाह पर काम करते थे।पर मौजूदा सीएम विष्णुदेव साय जिन्हें 'सांय सांय' काम करने की चर्चा एक वर्ग ने शुरू की है..उनका ज्यादा हाय-



हाय में विश्वास नहीं है,दौरा भी सीमित करते हैं,अमूमन सुबह 10-11 बजे सीएम हॉउस से निकलते हैं और शाम 5-6 बजे तक वापस लौट कर आराम करते हैं, दौरे में या तो दिल्ली में रात रुके हैं या अपने गृह नगर बगीचा मेंज.!अब तो कुछ नौकरशाह भी सीएम की तुलना शेषनाग की शैया पर सोये भगवान विष्णु देव से करने लगे हैं? हाल ही में मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ अयोध्या में श्रीराम, हनुमानगढ़ी में हनुमान के दर्शन करके लौटे हैं, 6/7 महीने के उनके कार्य काल में यह तय ही नहीं हो पाया कि प्रदेश में 'हनुमान' कौन हैज.? वैसे वे आराम करते हैं और उनकी जगह किसी भी विषय में बयानबाजी की जिम्मेदारी दोनों डिप्टी सीएमअरुण साव,विजय शर्मा ने सम्हाल ली हैज.!किसी भी मसले पर पिछली भूपेश




सरकार को दोषी ठहराना उनका प्रिय शगल है, वित्त मंत्री तथा पूर्व नौकर शाह तो ओपी चौधरी बयानबाजी से दूर हैं..! हो सकता है कि उनका आसानी से उपलब्ध नहीं होना भी एक प्रमुख कारण हो सकता है? प्रशासनिक तौर पर अधिक सक्रिय हैं,उन्हें लोग भावी अजीत जोगी के रूप में लोग देखना चाहते थेज? पर पहली बार विधायक, मंत्री बनने के बाद उनका बदला लहजा देखकर लोग कहना शुरू कर चुके हैं कि वे रायपुर कलेक्टर ही अच्छे थे?

### पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच तेज...

सीबीआई ने सीजी पीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ कथित 'भाई-भतीजावाद' रैकेट के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर जाँच तेज कर दी है, सीजी,पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोन वानी, पूर्व सचिव जीवन किशोर ध्रुव, एक परीक्षा नियंत्रक पर उनके बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों,परिचितों को डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी और ऐसे अन्य पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए चयन सूची में आगे बढ़ाने में मदद करने मामला दर्ज किया है।सीबीआई की एफआईआर का हिस्सा है, उसमें आरोप लगाया गया है कि चयन सूची में क्रम संख्या 1-171 जगह बनाने वाले अभ्यर्थी कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों, नेताओं, प्रभावशाली व्यक्ति यों से जुड़े हैं,इसमें डिप्टी कलेक्टरों की सूची दी गई है जिनमें छग राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलको के बेटे निखिल,बेटी नेहा, बस्तर में नक्सल अभियान के डीआईजी पी एल ध्रुव की बेटी साक्षी, कांग्रेस के एक नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल, कांग्रेस नेता सुधीर कटियार की बेटी भूमिका और दामाद शशांक गोयल, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला की बेटी स्वर्णिम,कांग्रेस नेता के पुत्र राजेंद्र कुमार कौशिक शामिल है।आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदार, जिनमें प्रज्ञा नायक, जिसका चयन डिप्टी कलेक्टर के रूप हुआ था, प्रखर नायक, वित्तीय सेवा अधिकारी के रूप में हुआ था, खुशबू बिजौरा, जिसका चयन डिप्टी कलेक्टर के रूप में हुआ था, भी कथित घोटाले के लाभार्थी थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यदि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के किसी अधिकारी के रिश्तेदार परीक्षा में बैठते हैं, तो संबंधित को आयोग के अन्य सदस्यों,अधिकारियों को सूचित करने के बाद खुद को इस प्रक्रिया से अलग करना होता है,



जो सोनवानी ने नहीं किया?आरोप है कि सोनवानी ने नियमों का उल्लंघन किया, अपने परिवार के सदस्यों, अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के रिश्तेदारों का चयनकिया जिसे 'भ्रष्टाचार' माना जाता है।शिकायत में आरोप है कि 'परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले अभ्यर्थी पीएस सी अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और नेताओं के रिश्तेदार हैं।शिकायत में आरोप है कि अभ्यर्थियों को पहले से ही परीक्षा का पेपर उपलब्ध करा दिया गया था,जिससे उन्हें अच्छे अंक मिले और परिणामों में अच्छी रैंक मिलीज.?

### और अब बस...

» भाजपा बद्रीनाथ हारी, फैजाबाद यानि अयोध्या हारी, बांदा यानि चित्रकूट हारी, सीतापुर हारी, इलाहाबाद यानि प्रयागराज हारी,नासिक हारी, राम नाथपुरम यानि रामेश्वरम हारी, भाजपा अधिकतर सीटें हारती जा रही है जो प्रमुख हिन्दू तीर्थस्थल हैं और जिनका भगवान राम से संबंध है।

» महादेव सट्टा जिनके कार्यकाल में फला-फूला, उसे एसपी ही कौन बनाये रखा है..?

» बृजमोहन अग्रवाल का उत्तराधिकारी कौन होगा..?

# अपराध व नशे के कारोबार के खिलाफ आक्रोश, चक्काजाम

**रायपुर, 21 जुलाई।** राजधानी में नशे के कारोबार, मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं से परेशान लोगों ने अपने आक्रोश को जाहिर करते हुए रामनगर के कर्मा चौक में चक्का जाम किया. इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि घटनाओं को लेकर पुलिस-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से कई बार शिकायत कर चुके हैं फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है.

जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कई दिनों लगातार गुढ़ियारी और रामनगर क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार, सामाजिक तत्व के द्वारा गुंडागर्दी, मारपीट, चाकू-बाजी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है. जिसको लेकर कई बार पुलिस प्रशासन को शिकायत भी कर चुके हैं. लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. जिससे आक्रोशित होकर आज लोगों ने रामनगर के कर्मा चौक में प्रदर्शन कर चक्का जाम किया. इसकी शिकायत हमने कल गुढ़ियारी थाना प्रभारी को भी दी है. इसके बाद भी अगर बात नहीं बनी तो आने वाले समय में लोगों ने गृहमंत्री का दरवाजा खटखटाने की बात की है. मामले में गुढ़ियारी थाना प्रभारी के.के कुशवाहा ने कहा कि स्थानीय लोगो ने कल कहा था कि हम लोग आज चक्काजाम करेंगे. इनका कहना है कि रात्रि गस्त नहीं होती है जिसको लेकर मैने राम-नगर चौकी प्रभारी से भी रात्रि गस्त को लेकर बातचीत की है. लगातार गस्त भी हो रही है. अपराध पर हम लगाम लगा रहे हैं. पिछले दिनों जो वारदात हुई है उसके लिए हम लोग पतासाजी कर रहे हैं. जल्द अपराधी गिरफ्त में होंगे. थाना प्रभारी ने जनता से अपील की है कि घटना होने पर तत्काल पुलिस सूचना दी जानी चाहिए. अवैध नशा जहां मिल रहा है बताए, मैं कार्रवाई करने को तैयार हूं।

### पेड़ गिरा



**रायपुर, 21 जुलाई। राजीव गांधी चौक के पास आज एक बड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर कार व मोपेड पर गिर गया। गनीमत है जनहानि नहीं हुई है।**

# बृजमोहन का किया गया अभिनंदन

**रायपुर, 21 जुलाई।** फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटीज् छत्तीसगढ़ तत्वावधान में रंग मंदिर गांधी चौक छोटा पारा रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल सांसद, रायपुर का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर छत्तीसगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. अजय तिवारी अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटी रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में संजय दुबे अध्यक्ष अनुदानित निजी विद्यालय शिक्षक संघ, अनिल तिवारी सचिव शिक्षण संघ राज ग्रेवल संचालक खालसा शिक्षण संस्थान, व्ही के अग्रवाल, संचालक अग्रसेन कॉलेज, देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत कॉलेज, प्रवीण चंद्राकर,संचालक सेंट्रल कॉलेज मोतीलाल जैन संचालक शांभवी कॉलेज भी उपस्थित रहे। फेडरेशन के पदाधिकारी अजय तिवारी अध्यक्ष फेडरेशन, डॉ सुरेश शुक्ला कार्यकारी




अध्यक्ष, अशोक पटेल उपाध्यक्ष, आर के तिवारी उपाध्यक्ष, कुसुम त्रिपाठी उपाध्यक्ष, अरविंद शर्मा महा सचिव, शरद दुबे सचिव, डॉ मंजरी बख्शी सह सचिव, आशा. प्राचार्य मंच के पधाधिकारी अशोक दुबे अध्यक्ष, वी.के. मिश्रा उपाध्यक्ष, अशोक चक्रधारी, के के शर्मा राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छाया प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, कमला देवी संगीत महाविद्यालय के डॉ एम राम मूर्ति, विद्यानाथ सिंग, तथा उनके छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा निजी विद्यालयों और महाविद्यालयों शिक्षण गुणवत्ता और व्यवस्था की तारीफ की साथ हो उन्होंने यह आश्वाशन दिया कि निजी शिक्षण संस्थाओं के हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा आप सभी मेरी ताकत है आप है तो मैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित जनों से मां के नाम एक वृक्ष लगाने की अपील की। स्कूलों और कॉलेजो के ग्राउंड में अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाए।

# श्रेय लेने की होड़ में हैं महापौर ढेबर : मीनल

**रायपुर, 21 जुलाई।** तात्यपारा चौक सड़क चौड़ीकरण मामले में निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर राजनीति करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण हमारी मांग थी, अब महापौर श्रेय लेने की होड़ में हैं. कभी राज्यपाल, कभी मुख्यमंत्री तो कभी मंत्री के पास जा रहे हैं, वह सिर्फ राजनीति कर रहे हैं. रायपुर शहर की जनता सब चीजों को अच्छे से समझती है. इसे भी पढ़ें : विधानसभा घेराव पर



विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- अपने कार्यकाल को उठाकर देखे। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, तब महापौर शांत बैठे थे. अपनी सरकार में वह कुछ नहीं कर पाए, जैसे ही सत्ता पलटी राजनीति के तहत चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं. हम महापौर से आग्रह करते हैं कि वह इस प्रकार की ओछी राजनीति न करें. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हमेशा विजन रहा है कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे. यह किंतु-परंतु का विषय नहीं है. आने वाले समय में रोड का चौड़ीकरण करेंगे. जो भी प्रभावित लोग हैं, उनको उचित मुआवजा भी दिया जाएगा. वहीं राजधानी में खान-पान के स्थानों पर छापेमारी पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मौसमी बीमारियां सिर पर हैं, लोगों की बहुत सारी शिकायत आ रही हैं।

# शिवजी का अभिषेक 11 अगस्त को



**रायपुर, 21 जुलाई।** श्रीशिव का महारुद्राभिषेक 11 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से रायपुर क्षेत्र पदमशाली समाज श्रीगणेश शिव मंदिर बूढ़ापारा में किया जाएगा। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उक्त निर्णय लिया है। मीटिंग में प्रमुख रूप से अध्यक्ष गोपाल परसावार, पुरूषोत्तम गुमडेलवार, प्रकाश बिट्टरवार दीपक कामनवार, शशि बल्लेवार, गोविंद आडसवाल, आनंद गोपावार, संगीता परसावार, माला आडेपवार, स्वाति कोडवार, गणेश आडसलवार, गिरीश नामेंडवार उपस्थित थे।

### मुमुक्षु को दीक्षित करने की अनुमोदना और पूजन

**रायपुर, 21 जुलाई।** गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में हजारों श्रद्धालुओं ने चारों दादागुरुदेव के दर्शन वन्दन कर बड़ी पूजा में भाग लिया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस अवसर पर खरतरगच्छाधिपति जिनमणि प्रभ सूरि द्वारा धुलिया नगर में 150 वे मुमुक्षु को दीक्षित करने की अनुमोदना व पूजन किया गया। आचार्य मणिप्रभसूरि द्वारा अभी तक 150 भाई बहनों को जैन दीक्षा प्रदान की गई है यह ऐतिहासिक पल है। गुरुपूर्णिमा पर 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप 5 अगस्त से 25 अगस्त तक की घोषणा की गई। 5 अगस्त को मूर्ति कलश व अखण्ड दीपक की स्थापना की जावेगी। गुरुपूर्णिमा पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा में प्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा, मंजू कोठारी, दीप्ती बैद, निर्मल पारख, विवेक बैद, सरला बैद ने गुरुभक्ति के भजन से शमा बांध दिया। दादागुरुदेव की बड़ी पुजा के समापन पर वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा परिवार द्वारा आरती व मंजू महेन्द्र कोठारी परिवार द्वारा मंगल दीपक से पूजन किया गया।

# स्थापना दिवस समारोह आयोजित



**रायपुर, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राह्मण समाज संगठन का 17 जुलाई को स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम के पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवां, विशिष्ट अतिथि ज्ञानेश शर्मा पूर्व योग आयोग अध्यक्ष, प्रमोद दुबे सभापति नगर निगम रायपुर, कार्यक्रम अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ.सरिता दुबे संयोजक, भारती किरण शर्मा अध्यक्ष, विजय लक्ष्मी शर्मा संरक्षक, निशा तिवारी प्रदेशअध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इसमें सभी जिला ईकाई, ब्लाक, स्थानीय ईकाई के पदाधिकारियों की गौरवमई उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संजय शुक्ला के द्वारा पिछले नौ वर्षों के कार्यो का विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा ने अतिथियों से संगठन के लिए भवन नामांतरण व बीरगांव ईकाई के लिए भी भवन निर्माण सम्बन्धित मांग रखी। समाज के प्रतिभाशाली जो विज्ञान जगत,खेल जगत, संगीत,नृत्य,पेंटिंग,सोसियल मीडिया,व अन्य विविध क्षेत्र में राज्य स्तरीय व राज्य से ऊपर स्थान रखने वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं,युवक- युवती,जिसमें भूमिका उपाध्याय,अनुजा दुबे, अनंत बाजपेई, भव्या तिवारी, संकल्प शुक्ला, प्रज्ञान तिवारी, शुभ्रा चौबे,यशोदय शर्मा,ओझल पाण्डेय,अरूज शर्मा,अनुषा शर्मा,अंश तिवारी, अरूंधति उपाध्याय,आयुषी शर्मा, प्रगति दुबे,वंशिका शुक्ला, समृद्धि शर्मा,जीवा तिवारी 16 लोगों को प्रतीक चिन्ह, नारियल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26